हरिभूमि
जीटी रोड भूमि
रोहतक, बुधवार 14 अक्टूबर 2026

तापमान
अधिकतम 32 .8 डिग्री
न्यूनतम 20 .0 डिग्री

12 गीता नगर में पानी का संकट, त्रस्त लोगों ने सड़क पर उतर किए प्रदर्शन



12 महाराजा अग्रसेन ने मानवता, समानता व सेवा की मिसाल...



खबर संक्षेप

चोरों ने तीन सूने घरों को बनाया निशाना

यमुनानगर। ट्विन सिटी में अलग-अलग तीन सूने घरों को निशाना बनाकर चोरों ने लाखों रुपये की नकदी व आभूषण चोरी कर लिए। पुलिस ने तीनों मामलों की जांच के बाद अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार गांधीनगर कॉलोनी निवासी शशि कला ने गांधीनगर पुलिस थाने में दी शिकायत में बताया कि छह अक्टूबर को वह घर का ताला लगाकर परिवार के सदस्यों के साथ बाहर गई थी। 12 अक्टूबर को शाम छह बजे जब वह घर लौटे तो घर का लगा ताला टूटा हुआ था और अंदर सामान बिखरा पड़ा था।

पंचायती जमीन से सफेदे के पेड़ चोरी

यमुनानगर। गांव महलावाली में चोरों ने पंचायती जमीन से सफेदे के 26 पेड़ काटकर चोरी कर लिए। इस दौरान 11 पेड़ मौके पर ही जमीन पर पड़े मिले। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार गांव महलावाली निवासी धर्मपाल ने सदर जगाधरी पुलिस थाने में दी शिकायत में बताया कि उनके गांव में स्कूल के पीछे पंचायती जमीन पर सफेदे के पेड़ लगे हुए हैं। इस दौरान उन्हें सूचना मिली थी कि पंचायती जमीन पर लगे सफेदे के पेड़ों को किसी ने काट कर चोरी कर लिया है।

निजी बस संचालकों और रोडवेज कर्मियों में टकराव

कुरुक्षेत्र। कुरुक्षेत्र के नए बस स्टैंड पर कुरुक्षेत्र-पुंडरी रूट पर चलने वाली बसों की समय-सारणी को लेकर निजी बस संचालकों और रोडवेज कर्मचारियों के बीच गतिरोध पैदा हो गया। विवाद के दौरान बस स्टैंड का गेट बंद कर बसों को रोकने का प्रयास किया गया। मामले को सुलझाने के लिए रोडवेज के उच्च अधिकारी दोनों पक्षों के बीच बातचीत के माध्यम से तालमेल बैठाने का प्रयास किया। जानकारी के अनुसार, कुरुक्षेत्र से पुंडरी रूट पर बसों के संचालन और समय-सारणी को लेकर दोनों पक्षों के बीच सहमति नहीं बन पाई। इसके चलते बस स्टैंड परिसर में तनाव की स्थिति बन गई।

जमीन का सौदा करवाने के नाम पर फर्जीवाड़े का आरोप

रिटायर्ड एसआई से आढ़ती ने हड़पे 16 लाख रुपये

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

अंबाला शहर के सेक्टर-10 में रहने वाले पुलिस विभाग से रिटायर्ड सब-इंस्पेक्टर तेजिंदर सिंह ने अनाज मंडी के एक आढ़ती फकीर चंद और उसके परिवार के सदस्यों पर 16 लाख रुपए की धोखाधड़ी करने का आरोप लगाया है। परिवादी के मुताबिक जमीन का सौदा करवाने के नाम पर उससे अलग-अलग किस्तों में करीब 18 लाख रुपए लिए गए थे। इसके बदले उसे चेक दिए गए लेकिन पूरी रकम वापस नहीं मिली।

तेजिंदर सिंह का कहना है कि वह इस मामले में वे मुख्यमंत्री, डीजीपी और एसपी अंबाला सहित संबंधित पुलिस अधिकारियों को शिकायत दे चुके हैं। उनका आरोप है कि करीब तीन साल से कार्रवाई और रकम वापसी का इंतजार कर रहे हैं। तेजिंदर सिंह के अनुसार नवंबर 2023 में वह बासमती धान और गेहूं खरीदने के सिलसिले में नई अनाज मंडी अंबाला शहर में फकीर चंद की दुकान पर गए थे। बातचीत के दौरान उन्होंने बताया कि नारायणगढ़ क्षेत्र में उनकी जमीन रेलवे लाइन परियोजना के लिए अधिग्रहण संबंधी सर्वे में शामिल होने की बात सामने आई है। इसी दौरान उन्होंने फकीर चंद से कहा कि यदि आसपास कोई जमीन बेचने वाला हो तो उन्हें जानकारी दी जाए।

आरोप है कि कुछ दिन बाद फकीर चंद अपने बेटे के साथ उन्हें कार में बैठाकर बुढ़ंगपुर और दूधपुर गांव के आसपास ले गया। वहां एक स्कूल के पास करीब अढाई से तीन एकड़ जमीन दिखाई गई। उसे बिकाऊ बताया गया। तेजिंदर सिंह के मुताबिक, इसके कुछ समय बाद फकीर चंद अपने नौकर रमेश के साथ उनके घर पहुंचा। अचानक जरूरत पड़ने की बात कहकर 3 लाख रुपए मांगे। उसने भरोसा दिलाया कि रकम जमीन के सौदे में मैनेज कर दी जाएगी।

तेजिंदर सिंह ने बताया कि फकीर चंद ने अपने कारोबार, शैलर, क्रैशर और आढ़त की दुकानों का हवाला देकर उन्हें भरोसा दिलाया था कि रकम लौटाने में कोई परेशानी नहीं होगी। उनके अनुसार, उन्होंने पहले 3 लाख रुपए का चेक दिया। इसके बाद करीब 15 दिन के अंतराल पर फिर 4 लाख रुपए मांगे गए। शिकायतकर्ता का आरोप है कि इसी तरह अलग-अलग किस्तों में कुल करीब 18 लाख रुपए दिए गए।

- मामले की एसपी को दी शिकायत तीन साल से कार्रवाई का कर रहे इंतजार



ब्याज देने का वादा कर भुगतान रोका

रिटायर्ड सब-इंस्पेक्टर का कहना है कि रकम के बदले उन्हें चेक मिले हुए हैं और उनके पास लेन-देन से संबंधित दस्तावेज भी मौजूद हैं। उन्होंने बताया कि शुरुआत में रकम जमीन के सौदे के लिए दी गई थी। बाद में जब भुगतान में देरी होने लगी तो आरोपी की ओर से ब्याज देने की बात भी कही गई। उनके अनुसार, कुछ समय तक ब्याज दिया गया, लेकिन भुगतान नियमित नहीं रहा। तेजिंदर सिंह के मुताबिक, उन्हें शुरुआत में करीब 2 लाख रुपए वापस मिले थे। इसके बाद शेष रकम का भुगतान नहीं किया गया। उनका दावा है कि अब भी 16 लाख रुपए बकाया हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि हर बार अगली फसल या अगले सीजन में पैसे लौटाने का आश्वासन दिया जाता है, लेकिन समय निकलने के बावजूद भुगतान नहीं होता। उसने दावा किया कि फकीर चंद और उससे जुड़े लोगों के खिलाफ अन्य कारोबारियों की भी बड़ी रकम बकाया है।

हजारों रुपये की हेरोइन के साथ दो युवक काबू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

जिला पुलिस की एंटी नारकोटिक सेल की टीम ने कलानौर बार्डर से बाइक सवार दो युवको को 120 ग्राम हेरोइन के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों को कोर्ट में पेश कर रिमांड पर लिया है। प्राथमिक जांच में सामने आया कि आरोपी उत्तर प्रदेश से नशीला पदार्थ लेकर आते थे। आरोपी यमुनानगर में आसपास नशीले पदार्थ को बेचने का काम करते थे।

सेल के इंचार्ज अनिल कुमार ने बताया कि उनकी टीम को गुप्त सूचना मिली कि दो युवक बाइक पर सवार होकर उत्तर प्रदेश की ओर से कलानौर बॉर्डर पार करते हुए यमुनानगर में प्रवेश करेंगे। आरोपी युवक नशीले पदार्थ लेकर आ रहे हैं। इस सूचना के आधार पर उप निरीक्षक ओमप्रकाश, एएसआई जसवीर सिंह, कुलदीप, विमल, जयपाल मराठा व विकास की टीम का गठन किया गया। टीम ने तुरंत नाकाबंदी कर वाहनों की जांच शुरू कर दी। कुछ देर बाद उत्तर प्रदेश की ओर से दो युवक बाइक पर आते दिखाई दिए। टीम ने रोक कर जांच की तो उनके पास से नशीले पदार्थ बरामद हुए। मौके पर ड्यूटी मजिस्ट्रेट को बुलाया गया। जांच के दौरान आरोपियों से 120 ग्राम हेरोइन बरामद हुई। पूछताछ में आरोपियों की पहचान उत्तर प्रदेश के जिला सहारनपुर के गांव सलेमपुर निवासी सुफियान व पहलवान पुर निवासी आजम के नाम से हुई। आरोपी सुफियान की बाइक पर नशे की तस्करी हो रही थी। आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया गया और उसे कोर्ट में पेश कर रिमांड पर लिया गया है।



यमुनानगर। एंटी नारकोटिक सेल की टीम द्वारा हेरोइन के साथ पकड़े आरोपी।

साइबर ठगों ने डॉलर भेजने के नाम पर महिला से ठगे सात लाख 72 हजार रुपये

यमुनानगर। साइबर ठगों ने खुद को तमिलनाडु का सीएम विजय थालापति बताकर डॉलर भेजने के नाम पर गांव अमादलपुर निवासी मोमिना से सात लाख 72 हजार रुपये ठग लिए। जब मोमिना को अपने साथ हुई ठगी का पता चला तो उसने मामले की सूचना परिजनों व पुलिस को दी। साइबर क्राइम थाना पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार गांव अमादलपुर निवासी मोमीना ने साइबर क्राइम थाना पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 12 अगस्त को उसके मोबाइल पर अज्ञात नंबर से फोन आया। फोन करने वाले व्यक्ति ने खुद को तमिलनाडु का सीएम विजय थालापति बताया। इस दौरान आरोपियों ने उसके अकाउंट में डॉलर भेजने के नाम पर उससे अलग-अलग करके सात लाख 72 हजार रुपये अपने अकाउंट में ट्रांसफर करवा लिए। जब उसे अपने साथ हुई ठगी का एहसास हुआ तो उसने मामले की सूचना परिजनों व साइबर क्राइम थाना पुलिस को दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात साइबर ठगों के खिलाफ धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

दशहरा पर्व को लेकर चौकस हुई पुलिस

- कप्तान मेधा ने श्री राम दशहरा कमेटी के दशहरा स्थल का निरीक्षण किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

श्री राम दशहरा कमेटी, बरसत रोड, पानीपत द्वारा हुडा सेक्टर 13/17 के विशाल मैदान में आयोजित होने वाले दशहरा महोत्सव की तैयारियां जोर-शोर से चल रही हैं। वहीं, दशहरा पर्व पर उमडने वाली लाखों श्रद्धालुओं की भीड की सुरक्षा को लेकर पानीपत की पुलिस कप्तान मेधा भूषण ने दशहरा स्थल का दौरा कर सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उनके साथ डीएसपी सुरेश सैनी भी उपस्थित रहे। वहीं, श्री राम दशहरा कमेटी के प्रधान श्री भीम सचदेवा सहित कमेटी के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने पुलिस अधिकारियों का स्वागत किया तथा दशहरा महोत्सव की तैयारियों एवं आयोजन से संबंधित व्यवस्थाओं की जानकारी दी। इस अवसर पर हरबंस आनंद, सुभाष बठला, भूषण मदान, राधेश्याम नासा, विपिन बजाज, महेंद्र खत्री, राकेश आनंद, गौरव छौकरा, सोम नाथ मदान, रमेश सतीजा, बंटी चुघ, मनोहर लाल शर्मा, गुलशन आनंद, सुनील थम्मन,सुमेर भारद्वाज आदि एवं मौजूद सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।



पानीपत। श्री राम दशहरा कमेटी, बरसत रोड के पदाधिकारी एसपी मेधा का स्वागत करते।

25 हजार का इनामी बदमाश राहुल वैद काबू

- मुठभेड़ के दौरान पैर में लगी गोली, यूपी एसटीएफ ने की कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

यूपी एसटीएफ ने 25 हजार रुपए के इनामी बदमाश राहुल वैद को गिरफ्तार किया है। मेरठ में लूट के मामले में वांछित आरोपी को हथियार बरामदगी के लिए ले जाने के दौरान पुलिस के साथ मुठभेड़ हो गई। पुलिस के मुताबिक, राहुल ने टीम पर फायरिंग की। जवाबी कार्रवाई में उसके बाएं पैर में गोली लगी है। घायल बदमाश को गिरफ्तार कर अस्पताल में भर्ती कराया गया। आरोपी के कब्जे से 315 बोर की देसी पिस्तौल, एक खोखा और एक जिंदा कारतूस बरामद किया गया। राहुल पर मेरठ और महाराष्ट्र के नासिक में ज्वेलरी लूट समेत कई मामले दर्ज हैं। हरियाणा में भी उसके खिलाफ करीब 9 मुकदमे दर्ज होने की बात कही जा रही है।



अंबाला। पकड़े गए बदमाश को ले जाती पुलिस।

आरोपी से पिस्तौल व कारतूस बरामद

एसटीएफ ने राहुल को रात करीब 12:05 बजे अंबाला छावनी से पकड़ा था। इसके बाद सुबह उसे मेरठ के भावनपुर थाने में दाखिल किया गया। वह 21 अप्रैल 2026 को गढ़ रोड पर अंकुर गार्डन रिजॉर्ट के पास सर्राफा व्यापारी से आभूषणों से भरा बैग लूटने के मामले में वांछित था। इस मामले में भावनपुर थाने में केस दर्ज किया गया था। मेरठ पुलिस के अनुसार पूछताछ में राहुल ने बताया कि उसने अपने साथियों के साथ मिलकर सर्राफा व्यापारी को हथियार दिखाकर लूटा था। वारदात में उसके हिस्से में आए सोने-चांदी के आभूषण उसने अंबाला में एक राहगीर को बेच दिए थे। इससे उसे करीब 45 हजार रुपए मिले थे, जिन्हें उसने खाने-पीने और अन्य मुकदमों की पैरवी में खर्च कर दिया। पुलिस के मुताबिक, राहुल ने पूछताछ में वारदात में इस्तेमाल 315 बोर की पिस्तौ और कारतूस जिठौली में निर्माणाधीन पुल के पास सीमेंट के पिलर नंबर-24 के नजदीक छिपाकर रखने की बात कही थी। 12 अक्तूबर को पुलिस उसे हथियार बरामद कराने के लिए वहां लेकर गई थी। पुलिस का दावा है कि बरामदगी के दौरान राहुल ने पिस्तौ से पुलिस टीम पर जान से मारने की नीयत से फायर किया। जवाबी फायरिंग में उसके बाएं पैर में गोली लगी। उसे मौके से घायल अवस्था में गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस के अनुसार आरोपी के कब्जे और निशानदेही से 315 बोर की एक पिस्तौ, एक खोखा कारतूस और एक जिंदा कारतूस बरामद किया गया है। घायल राहुल को पुलिस हिरासत में उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया।

धान से भरे ट्रक की चपेट में आई बाइक, महिला की मौत

कुरुक्षेत्र। शाहबाद में राजकीय स्कूल के पास धान से भरे ट्रक की चपेट में आने से बाइक सवार महिला शालू की मौत हो गई, जबकि बाइक चला रहे उसके पति मोहन सिंह घायल हो गए। हादसे के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। जानकारी के अनुसार, मोहन सिंह गांव सढौरा के गुरुद्वारे में सेवादार के रूप में कार्यरत हैं और मूल रूप से उत्तराखंड के रहने वाले हैं। वह अपने परिवार के साथ बाइक पर जा रहे थे। प्रत्यक्षदर्शी के अनुसार, राजकीय स्कूल के सामने मोहन सिंह ने बाइक रोककर बराड़ा रोड की तरफ जाने का रास्ता पूछा। इसके बाद जैसे ही उन्होंने बाइक मोड़ी, धान से भरे ट्रक ने बाइक को अपनी चपेट में ले लिया।

पिहोवा में चार साल के बच्चे से कुकर्म का आरोप, किशोर पर केस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिहोवा/कुरुक्षेत्र

पिहोवा क्षेत्र में चार साल के बच्चे के साथ कथित तौर पर कुकर्म किए जाने का मामला सामने आया है। बच्चे के पिता ने पड़ोस में रहने वाले 14 वर्षीय किशोर पर गंभीर आरोप लगाए हैं। शिकायत के अनुसार, घटना के बाद बच्चा रोने लगा और अगले दिन उसने अपनी मां को आपबीती बताई। इसके बाद परिजनों ने पुलिस को शिकायत दी। बच्चे का इलाज एलएनजेपी अस्पताल, कुरुक्षेत्र में चल रहा है। पुलिस को दी शिकायत में बच्चे के पिता ने आरोप लगाया कि पड़ोस में रहने वाला किशोर उनके घर की दीवार फांदकर अंदर आया था। उस समय घर पर कोई अन्य व्यक्ति मौजूद नहीं था। पिता के अनुसार, घटना के बाद जब परिवार घर पहुंचा तो बच्चा रोने लगा। मां ने रोने का कारण पूछा तो बच्चे ने उसे अपने साथ हुई घटना के बारे में बताया। बच्चे की बात सुनने के बाद उसकी मां आरोपी किशोर के घर पहुंची। शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया कि वहां किशोर ने उसके साथ मारपीट करने की कोशिश की और उसके परिवार की ओर से उन्हें देख लेने की धमकी दी गई। इन आरोपों की पुलिस जांच कर रही है। घटना की जानकारी मिलने के बाद परिजन बच्चे को उपचार के लिए पिहोवा के सरकारी अस्पताल लेकर पहुंचे।

महिला की मौत में पति समेत चार केस दर्ज

इसराना। पानीपत के गांव परढ़ाणा में 26 वर्षीय विवाहिता अरविना की कथित रूप से जहरीला पदार्थ निगलने से मौत हो गई। वहीं, मृतक के ताऊ हनीफ व भाई नूरदीन निवासी गांव पीपली खेडा जिला सोनीपत ने आरोप लगाया कि दो बेटियां होने और दहेज की मांग को लेकर ससुराल में उसे प्रताड़ित किया जाता था। करीब सात साल पहले उसकी शादी अमित से हुई थी और उसकी पांच व तीन साल की दो बेटियां हैं। वहीं, इसराना थाना पुलिस ने अरविना की मौत के मामले में उसके पति अमित, सास, ससुर, जेठानी के खिलाफ केस दर्ज किया है।

बिहार निवासी श्याम ईंट-भट्ठे पर करता था

- बीजना के पास घर लौटते समय हुआ हादसा, पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंपा शव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

ट्रैक्टर की ट्रॉली के नीचे आने से 21 वर्षीय मजदूर की मौत

जिले में बीजना के पास ट्रैक्टर की ट्रॉली के नीचे आने से 21 वर्षीय मजदूर की मौत हो गई। मृतक की पहचान बिहार निवासी श्याम के रूप में हुई है। वह करनाल में रहकर दिहाड़ी मजदूरी करता था और ईंट-भट्ठे पर काम करता था। हादसे की सूचना मिलने के बाद परिवार में शोक छा गया। जानकारी के अनुसार, श्याम 11 अक्तूबर को कहीं से घर लौट रहा था। रास्ते में उसने एक ट्रैक्टर चालक से लिफ्ट ली और ट्रैक्टर पर बैठ गया। ट्रैक्टर बीजना से स्टौंडी की ओर जा रहा था। परिजनों के मुताबिक, जब श्याम ट्रैक्टर से नीचे उतरने लगा तो चालक ने वाहन रोकने का प्रयास किया, लेकिन ब्रेक लगाने से पहले ही श्याम ने छलांग लगा दी। संतुलन बिगड़ने के कारण वह ट्रॉली के नीचे आ गया। उस समय ट्रॉली खाली थी। हादसे में गंभीर रूप से घायल श्याम को आसपास मौजूद लोगों ने अस्पताल पहुंचाया, लेकिन चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर मोर्चरी में रखवा दिया। 12 अक्तूबर को परिवार के करनाल पहुंचने के बाद पुलिस ने परिजनों से मृतक की पहचान करवाई।



करनाल। हादसे में 21 वर्षीय मजदूर श्याम की मौत के बाद शोक में डूबे परिजन।

महिला की बाजू पर चाकू से हमला कर किया घायल

यमुनानगर। व्यासपुर थाना क्षेत्र के गांव काठगढ़ में कहासुनी होने पर परिवार के दंपत्ति ने अपने बेटे के साथ मिलकर महिला की बाजू पर चाकू से हमला कर घायल कर दिया। घायल महिला का इलाज अस्पताल में चल रहा है। पुलिस ने मामले की जांच के बाद आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार गांव काठगढ़ निवासी संतोष देवी ने व्यासपुर पुलिस थाने में दी शिकायत में बताया कि उसका कुछ दिन पहले गांव के ही सतपाल व उसकी पत्नी किरण के साथ किसी बात को लेकर झगड़ा हो गया था। उस समय अन्य लोगों ने समझा कर मामला शांत करवा दिया था। मगर इसके बाद से आरोपी उससे रंजिश रखने लगे।

परविन्द्र सिंह मर्डर मामले का 5 हजार का इनामी गिरफ्तार

- 29 अगस्त 2022 को पिहोवा में कुछ युवको ने लाठी, डंडो, रॉड से किया था हमला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

पुलिस ने परविन्द्र सिंह उर्फ गागा मर्डर मामले के एक और आरोपी को किया गिरफ्तार। पुलिस अधीक्षक चन्द्र मोहन के कुशल मार्गदर्शन में थाना सदर पेहवा ने परविन्द्र सिंह उर्फ गागा मर्डर मामले के 5 हजार रुपए के इनामी आरोपी राम करण उर्फ बल्ली वासी ईशाक जिला कुरुक्षेत्र को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। जानकारी देते हुए पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि 30 अगस्त 22 को थाना सदर पेहवा पुलिस को दिए अपने बयान में गुरसेवक उर्फ शीबु वासी रुआ जिला कुरुक्षेत्र ने बताया कि वह सन्धु फार्म गुहला रोड पेहवा पर अपना ढाबा के पास सर्विस स्टेशन किराये पर चलाता है। उसकी परविन्द्र सिहं उर्फ गागा पुत्र गुचरनण सिंह वासी स्योंसर थाना सदर पेहवा के साथ पीछले करीब 4/5 साल से गहरी दोस्ती थी। दिनांक 29 अगस्त 22 को समय करीब 7 बजे उसके पास परविन्द्र सिंह उर्फ गागा का फोन आया और उसने उसे अपने ढाबा पर बुलाया जिसपर वह परविन्द्र सिहं उर्फ गागा के ढाबा पर पहुंच गया जहाँ पर परविन्द्र सिंह उर्फ गागा, राजू वासी स्योंसर उसे मिले।

केयू में चार दिवसीय राज्य स्तरीय रत्नावली समारोह का आगाज 30 अक्टूबर से

कुवि कुलगुरु प्रो. सोमनाथ ने किया रत्नावली के ब्रोशर का विमोचन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने मंगलवार को विश्वविद्यालय में 30 अक्टूबर से 2 नवंबर, 2026 तक आयोजित होने वाले चार दिवसीय हरियाणा दिवस राज्य स्तरीय रत्नावली समारोह के ब्रोशर का विमोचन किया। विश्वविद्यालय के युवा एवं सांस्कृतिक कार्य विभाग द्वारा आयोजित होने वाले इस चार दिवसीय महोत्सव में हरियाणा की समृद्ध लोक संस्कृति, परंपराओं, लोक कलाओं, संगीत एवं नृत्य की विविध छटाएं देखने को मिलेंगी। इस अवसर पर कुवि कुलगुरु प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने कहा कि रत्नावली हरियाणा की लोक संस्कृति एवं परम्परा को संरक्षित करने का मंच है। राज्यस्तरीय रत्नावली समारोह हरियाणा की सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित करने और नई पीढ़ी तक पहुंचाने का महत्वपूर्ण माध्यम है। युवा एवं सांस्कृतिक कार्य विभाग के निदेशक प्रो. विवेक चावला ने कहा कि रत्नावली समारोह विद्यार्थियों की सांस्कृतिक प्रतिभा को मंच प्रदान करने के साथ-साथ हरियाणा की लोक कलाओं, सांस्कृतिक विरासत एवं परम्पराओं के संरक्षण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। इस वर्ष भी महोत्सव में विभिन्न सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं, लोक प्रस्तुतियों, कार्यशालाओं एवं प्रदर्शनियों का आयोजन किया जाएगा, जिनमें विद्यार्थी उत्साहपूर्वक भाग लेंगे। लोक सम्पर्क विभाग के निदेशक प्रो. महासिंह पूनिया ने कहा कि रत्नावली समारोह कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय की सांस्कृतिक पहचान का महत्वपूर्ण हिस्सा है। इस मौके पर कुवि कुलसचिव प्रो. वीरेन्द्र पाल, केयू छात्र कल्याण अधिष्ठाता प्रो. एआर चौधरी, युवा एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम विभाग के निदेशक प्रो. विवेक चावला, लोक सम्पर्क विभाग के निदेशक प्रो. महासिंह पूनिया, उपनिदेशक डॉ. जिम्मी शर्मा, डॉ. सलोनी दीवान मौजूद थे।



कुरुक्षेत्र। राज्य स्तरीय रत्नावली समारोह के ब्रोशर का विमोचन करते कुलपति।

रत्नावली में इस बार 33 विधाओं का होगा मंचन

चार दिवसीय राज्य स्तरीय रत्नावली समारोह में हरियाणवी लोकगीत, भजन, रागनी, एकल एवं समूह नृत्य, हरियाणवी लूर, रसिया, लोक वेशभूषा, फैशन शो, नाटक, एकांकी, समूह गान, भाषण, प्रश्नोत्तरी सहित विभिन्न सांस्कृतिक गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। इसके अतिरिक्त लोक चित्रकला कार्यशाला, पारंपरिक हस्तकला एवं प्राचीन हरियाणवी वस्तुओं की प्रदर्शनियां भी समारोह के प्रमुख आकर्षण रहेंगी। रत्नावली समारोह में लोक वाद्य संगीत, हरियाणवी कोरियोग्राफी, हरियाणवी चौपाल, सांगीतिक संध्या, हरियाणवी पगड़ी प्रतियोगिता, सांग प्रतियोगिता तथा प्रोफेशनल रागनी प्रतियोगिताएं आकर्षण का केंद्र रहेंगी। इसके अतिरिक्त मिमिक्री एवं एकल अभिनय और हरियाणवी अथवा हरियाणा पर आधारित लघु फिल्म प्रतियोगिताओं का आयोजन भी किया जाएगा। महोत्सव के दौरान सहित विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

न्यूज डायरी

अवैध कॉलोनियों पर चला प्रशासन का पीला पंजा

घरौंडा। शहर और आसपास के क्षेत्रों में तेजी से पनप रही अवैध कॉलोनियों के खिलाफ नगरपालिका घरौंडा और जिला योजनाकार विभाग ने एक बार फिर संयुक्त कार्रवाई की। मंगलवार को पुलिस बल की मौजूदगी में विभागीय टीम ने पनोडी और बसताड़ा रोड क्षेत्र में विकसित की जा रही अवैध कॉलोनियों में पीला पंजा चलाकर वहां बनाई गई सड़कों को ध्वस्त कर दिया। इस कार्रवाई से अवैध रूप से कॉलोनियां विकसित करने वालों में हड़कंप मच गया। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि बिना मंजूरी के कॉलोनियां विकसित करने और उनमें सड़कें बनाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

परिषद गतिविधियों की रेणु बाला गुप्ता ने की समीक्षा

करनाल। अखिल भारतीय महापौर परिषद की अध्यक्ष एवं करनाल की महापौर रेणु बाला गुप्ता ने नई दिल्ली स्थित परिषद कार्यालय में आयोजित बैठक के दौरान संगठन की गतिविधियों और कार्यालयी व्यवस्थाओं की समीक्षा की। उन्होंने नगरीय विकास की चुनौतियों से निपटने के लिए बेहतर प्रबंधन, आपसी समन्वय और सामूहिक प्रयासों को आवश्यक बताया। बैठक में परिषद के कामकाज को अधिक व्यवस्थित बनाने, संगठन को मजबूत करने और विभिन्न गतिविधियों के प्रभावी संचालन पर चर्चा की गई। रेणु बाला गुप्ता ने कहा कि विकास के निर्धारित लक्ष्यों को हासिल करने के लिए सभी संबंधित पक्षों को मिलकर काम करना होगा। व्यवस्थाओं में निरंतर सुधार और जनसेवा के प्रति प्रतिबद्धता से ही सकारात्मक परिणाम प्राप्त किए जा सकते हैं। नगरीय विकास के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण बनाए रखना और संगठनात्मक कार्यप्रणाली को मजबूत करना परिषद की प्राथमिकताओं में शामिल है। बैठक में परिषद के सचिव मनोज गुप्ता और पूर्व चेयरपर्सन निर्मल बैरागी भी उपस्थित रहे।

रामलीला में श्रीराम के जन्म का हुआ मंचन



करनाल। श्री रामायण पाठक सभा पंजीकृत, करनाल की ओर से नवरात्र के दूसरे दिन आयोजित रामलीला में श्रवण कुमार के बलिदान और प्रभु श्रीराम के जन्म का भावपूर्ण मंचन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ शहर के समाजसेवी एवं उद्योगपति राजकुमार तायल और उनकी धर्मपत्नी मीनू तायल ने न्यू कैंप ऑयल्स प्राइवेट लिमिटेड की ओर से किया। मंचन में दिखाया गया कि श्रवण कुमार अपने अंधे माता-पिता को धार्मिक यात्रा करवाकर अयोध्या लौट रहे थे। सरयू नदी से जल लेने के दौरान राजा दशरथ ने शिकार समझकर शब्दभेदी बाण चला दिया, जो श्रवण कुमार को लग गया। पुत्र की मृत्यु का समाचार सुनकर उनके माता-पिता ने राजा दशरथ को पुत्र-वियोग में मृत्यु प्राप्त होने का श्राप दिया। इसके बाद राक्षसों से परेशान ऋषि-मुनियों की पुकार पर देवताओं ने भगवान विष्णु से मनुष्य रूप में अवतार लेने की प्रार्थना की। भगवान विष्णु ने राजा दशरथ और माता कौशल्या के घर श्रीराम के रूप में जन्म लिया। मंचन में श्रवण कुमार की भूमिका सरल कुमार, उनके पिता शांतनु की सुनील कुमार, माता ज्ञानवती की रिंकू वर्मा, रावण की अंकित दाबड़ा, भगवान विष्णु की सूरज, राजा दशरथ की अभिषेक शर्मा और माता कौशल्या की शशांक कुमार ने निभाई। इस अवसर पर सभा के प्रधान पंकज गोयल, चेयरमैन रमेश गुप्ता, नरेश गुप्ता, प्रभात गुप्ता, मनोज गोयल, योगेश गोयल, पंकज अग्रवाल, विकास गर्ग, चंदन गुप्ता, अनिल शर्मा और अश्विनी कंबोज सहित अन्य सदस्य मौजूद रहे।

महापौर ने सुनीं नागरिकों की समस्याएं



करनाल। महापौर रेणु बाला गुप्ता ने मंगलवार को नगर निगम कार्यालय में जनसुनवाई के दौरान नागरिकों की समस्याएं सुनीं और जनहित से जुड़े मुद्दों पर संवाद किया। उन्होंने कई शिकायतों के समाधान के लिए मौके पर ही आवश्यक कार्रवाई करवाई तथा शेष समस्याओं का शीघ्र निस्तारण करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। महापौर ने कहा कि नगर निगम की प्राथमिकता नागरिकों को बेहतर मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराना और उनकी शिकायतों का समयबद्ध समाधान सुनिश्चित करना है। अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि जनहित से जुड़ी शिकायतों को गंभीरता से लिया जाए और अनावश्यक देरी से बचा जाए।उन्होंने सफाई व्यवस्था, सड़कों की स्थिति, जल निकासी, पथ प्रकाश और अन्य नागरिक सुविधाओं को बेहतर बनाने के लिए संबंधित विभागों को आपसी समन्वय से काम करने को कहा। उन्होंने स्पष्ट किया कि शिकायतों पर केवल औपचारिक कार्रवाई करने के बजाय उनका व्यावहारिक समाधान किया जाना चाहिए। रेणु बाला गुप्ता ने कहा कि करनाल को स्वच्छ, सुंदर और सुविधायुक्त शहर बनाने के लिए नगर निगम प्रशासन के साथ नागरिकों की सहभागिता भी जरूरी है। लोगों के सुझावों और स्थानीय आवश्यकताओं के आधार पर विकास कार्यों को प्राथमिकता दी जानी चाहिए, ताकि शहरवासियों को बेहतर सुविधाएं मिल सकें।

हॉकी के सेमीफाइनल में टीमों ने दिखाया दम



करनाल। एसपीएस कॉन्वेंट स्कूल की ओर से कैलाश स्थित हॉकी स्टेडियम में आयोजित सीबीएसई राष्ट्रीय हॉकी चैंपियनशिप के सेमीफाइनल मुकाबलों में खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया। मंगलवार को खेले गए मुकाबलों में फाइनल में जगह बनाने के लिए टीमों के बीच कड़ा संघर्ष देखने को मिला। अंडर-14 आयु वर्ग में ओपी जिंदल स्कूल ने गुरु ब्रह्मानंद स्कूल, पानीपत को 5-4 से हराया। दूसरे मुकाबले में वेल्स विद्यालय ने सनबीम स्कूल, बलिया को 4-0 से पराजित कर फाइनल में प्रवेश किया। अंडर-17 आयु वर्ग में संजीवन पब्लिक स्कूल, कोल्हापुर ने वेल्स विद्यालय को 3-2 से हराया। मुकाबला बेहद रोमांचक रहा। अंतिम 15 मिनट से पहले दोनों टीमें दो-दो गोल की बराबरी पर थीं, लेकिन निर्णायक क्षणों में संजीवन पब्लिक स्कूल के खिलाड़ी ने गोल कर टीम को जीत दिला दी। विजेता और उपविजेता टीमों को स्वर्ण, रजत और कांस्य पदकों से सम्मानित किया जाएगा।

युवाओं ने चलाया नशामुक्ति और स्वच्छता अभियान



करनाल। मेरा युवा भारत, करनाल की ओर से 17 सितंबर से 17 अक्तूबर 2026 तक चलाए जा रहे सेवा पखवाड़ा एवं सेवा संकल्प अभियान के तहत जिले के विद्यालयों और गांवों में सामाजिक, रचनात्मक और जनजागरूकता गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। जिला युवा अधिकारी अंजली चौधरी ने बताया कि अभियान का उद्देश्य युवाओं में नशामुक्ति, स्वच्छता, स्वास्थ्य, पर्यावरण संरक्षण और राष्ट्रसेवा की भावना को बढ़ावा देना है। अभियान के तहत एस.डी. मॉडल वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में नशामुक्ति विषय पर बेकार वस्तुओं से उपयोगी सामग्री बनाने और नारा लेखन प्रतियोगिताएं करवाई गईं। दयाल सिंह स्कूल, करनाल में 100 सप्ताह नशामुक्त युवा संकल्प अभियान के अंतर्गत युवा संसद, मानव श्रृंखला और नशामुक्ति शपथ कार्यक्रम आयोजित हुए, जिनमें 100 से अधिक प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। राजकीय विद्यालयों में भाषण एवं चित्रकला प्रतियोगिताओं के साथ स्वच्छता रैलियां और स्वास्थ्य संबंधी गतिविधियां आयोजित की गईं। कलसी-बरसालू में प्लास्टिक प्रदूषण कम करने के प्रति जागरूक किया गया, जबकि सर छोटू राम मेमोरियल वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, बढ़सों में 120 से अधिक युवाओं ने नशामुक्त भारत की शपथ ली।

पांच उद्घोषित अपराधी गिरफ्तार



करनाल। जिला पुलिस ने न्यायालय में पेश न होने के कारण उद्घोषित अपराधी घोषित किए गए पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक करनाल करन गोयल, आईपीएस के मार्गदर्शन में फरार और उद्घोषित अपराधियों की धरपकड़ के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत यह कार्रवाई की गई। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान विनोद पुत्र सिपाही लाल, निवासी न्यू जनकपुरी, करनाल; सुनील पुत्र टीकम सिंह; हरि ओम उर्फ बबलू पुत्र तेजराम; कुलदीप पुत्र कन्हैया लाल, निवासी निक्का सिंह स्कूल के पास, सदर बाजार, करनाल; तथा रोहित पुनिया पुत्र राजपाल, निवासी लव-कुश नगर, हांसी रोड, करनाल के रूप में हुई है। थाना शहर करनाल के अंतर्गत पुलिस चौकी सदर बाजार के प्रभारी सहायक उप निरीक्षक सतीश कुमार के नेतृत्व में गठित टीम ने मुख्य सिपाही विजय कुमार सहित अन्य पुलिस कर्मचारियों की सहायता से आरोपियों को काबू किया। पुलिस के मुताबिक, न्यायालय में पेश नहीं होने के चलते संबंधित अदालत ने इन्हें उद्घोषित अपराधी घोषित किया था। गिरफ्तारी के बाद पांचों आरोपियों को न्यायालय में पेश किया गया। वहां से न्यायालय के आदेशानुसार आगामी कार्रवाई की गई।

आर्यन हत्याकांड डीएसपी के आश्वासन देने पर माने

पोस्टमार्टम हाउस में शव न उठाने पर अड़े परिजन

- हत्यारोपियों की जल्द गिरफ्तारी और सख्त कार्रवाई किए जाने की बात कही

हरिभूमि न्यूज ⏭ करनाल



करनाल। युवक आर्यन की हत्या के मामले में पोस्टमार्टम हाउस पर एकत्र परिजन तथा इनसेट में मृतक का फाइल फोटो

सेक्टर-14 की मेन मार्केट में युवक आर्यन की हत्या के मामले में मंगलवार को पोस्टमार्टम हाउस पर उस समय तनावपूर्ण स्थिति बन गई, जब परिजनों ने आरोपियों की गिरफ्तारी होने तक शव उठाने से इनकार कर दिया। परिजन आरोपियों को जल्द गिरफ्तार करने और उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग पर अड़ गए।

इसके बाद डीएसपी ने परिजनों से बातचीत कर उन्हें भरोसा दिलाया कि मामले में सख्त कार्रवाई की जाएगी और आरोपियों को जल्द से जल्द गिरफ्तार करने के प्रयास किए जा रहे हैं। पुलिस के आश्वासन के बाद परिजन पोस्टमार्टम करवाने के लिए राजी हुए। दरअसल, 12 अक्तूबर को दोपहर करीब तीन बजे आर्यन अपने दोस्तों साहिब, करण वर्मा और चिराग के साथ सेक्टर-14 की मेन मार्केट में कार सेल-परचेज कार्यालय के ऊपर बने कमरे में बैठा था। इसी दौरान 17 से 18 युवक वहां पहुंचे और लाठी-डंडों तथा चाकुओं से हमला कर दिया। आरोप है कि हमलावरों ने आर्यन की छाती और सिर सहित शरीर के अन्य हिस्सों पर धारदार हथियार से कई वार किए। बीच-बचाव करने आए उसके दोस्तों के साथ भी मारपीट की गई। हमले में साहिब और करण उर्फ हरीश को भी चोटें आईं। वारदात के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए।

गंभीर रूप से घायल आर्यन को पहले सिविल अस्पताल ले जाया गया, जहां से चिकित्सकों ने उसकी हालत को देखते हुए रेफर कर दिया। इसके बाद उसे दूसरे अस्पताल ले जाया गया। हालत गंभीर होने पर चिकित्सकों ने उसे चंडीगढ़ स्थित पीजीआई ले जाने की सलाह दी, लेकिन रास्ते में ही उसकी मौत हो गई। चिकित्सा रिपोर्ट के अनुसार, उसके शरीर पर धारदार हथियार से लगी तीन चोटें दर्ज की गईं।

छह नामजद सहित कई अन्य पर मामला दर्ज

सिविल लाइन थाना प्रभारी विक्रांत के अनुसार, साहिब की शिकायत के आधार पर छह नामजद और 8 से 10 अन्य युवकों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है। जांच उपनिरीक्षक विकास को सौंपी गई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। पोस्टमार्टम हाउस पर परिजनों ने आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग उठाई। डीएसपी ने उन्हें सख्त कार्रवाई और जल्द गिरफ्तारी का आश्वासन दिया, जिसके बाद परिजन पोस्टमार्टम करवाने के लिए सहमत हुए।

एक माह पहले हुआ विवाद

जानकारी के अनुसार, आर्यन का करीब एक महीने पहले आरोपियों से विवाद हुआ था। इसके बाद वह दिल्ली चला गया था और दो-तीन दिन पहले ही वाहन चलाने का लाइसेंस बनवाने के लिए करनाल लौटा था। आरोप है कि उसके वापस आने की जानकारी मिलने के बाद हमलावरों ने दोस्तों के साथ कमरे में बैठे आर्यन पर हमला कर दिया।

आर्यन दिल्ली में अपने पिता के साथ रहता था। वह परिवार का इकलौता बेटा था। छह महीने की उम्र में उसकी मां का निधन हो गया था, जिसके बाद उसकी दादी ने उसका पालन-पोषण किया। परिवार में अब उसकी दादी, पिता और बड़ी बहन हैं। युवक की मौत से परिवार में शोक की लहर है।

घरौंडा में निकली प्रभु श्रीराम की बारात



घरौंडा। श्री रामलीला कमेटी की ओर से आयोजित रामलीला महोत्सव के तहत रविवार रात को प्रभु श्रीराम की भव्य बारात शोभायात्रा निकाली गई। बैंड-बाजों की मधुर धुनों, आकर्षक रथों और प्रभु श्रीराम के पावन स्वरूपों से सुसज्जित शोभायात्रा ने पूरे शहर को भक्तिमय कर दिया। शोभायात्रा के दौरान शहर की सड़कों पर श्रद्धा और उल्लास का अनूठा संगम देखने को मिला। जगह-जगह श्रद्धालुओं ने पुष्पवर्षा कर बारात का स्वागत किया और प्रभु श्रीराम के दर्शन कर परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की। जय श्रीराम के जयकारों से वातावरण गूंज उठा और श्रद्धालु भक्ति में सराबोर नजर आए। प्रभु श्रीराम की भव्य बारात शोभायात्रा का शुभारंभ रामलीला ग्राउंड से हुआ। यहां से शोभायात्रा बैंड-बाजों और धार्मिक धुनों के साथ आगे बढ़ी। इसके बाद रेलवे रोड, मंडी मनीराम और शहर के मुख्य बाजार से होते हुए शोभायात्रा नगर खेड़े पर पहुंची। यात्रा के पूरे मार्ग पर श्रद्धालुओं की आवाजाही और धार्मिक उत्साह देखने को मिला। बैंड-बाजों की धुनों पर श्रद्धालु नाचते-गाते हुए बारात में शामिल हुए। वहीं, प्रभु श्रीराम के स्वरूपों के दर्शन करने के लिए लोगों में विशेष उत्साह दिखाई दिया। शोभायात्रा में सजे हुए रथ और प्रभु श्रीराम के मनोहारी स्वरूप आकर्षण का केंद्र रहे। धार्मिक गीतों और भजनों की धुनों के बीच श्रद्धालु जय श्रीराम के जयकारे लगाते हुए आगे बढ़ते रहे।

नायब सिंह ने संभाला डीएसपी का पदभार



इंद्री। हरियाणा पुलिस सेवा के अधिकारी नायब सिंह ने उपपुलिस अधीक्षक (डीएसपी) इंद्री का पदभार ग्रहण कर लिया है। इससे पूर्व वे एंटी टेररिस्ट स्क्वॉड में पंचकूला मुख्यालय में सेवारत थे। इसके अलावा वे करनाल, घरौंडा, कुंजपुरा, बुटाना, इकोनॉमिक सेल इत्यादि जगह भी अपनी सेवाएं दे चुके हैं। पदभार ग्रहण करने के उपरांत डीएसपी नायब सिंह ने कहा कि पुलिस थाने या चौकी में आने वाले हर पीड़ित व्यक्ति की सुनवाई प्राथमिकता के आधार पर होगी और उसे न्याय दिलाया जाएगा। उन्होंने कहा कि आम जनता के सहयोग से क्षेत्र में कानून व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ किया जाएगा तथा शांति एवं भाईचारा बनाए रखने के लिए हरसंभव कदम उठाए जाएंगे। उन्होंने कहा कि नशा बेचने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी तथा लोगों को विशेषकर युवाओं को नशे से दूर रहने बारे व नशे से होने वाले दुष्परिणामों बारे भी जागरूक किया जाएगा। क्षेत्र में चोरी की बढ़ती घटनाओं को रोकने के लिये पुलिस की पेट्रोलिंग (गश्त) बढ़ाई जाएगी। उन्होंने कहा कि रात और दिन की गश्त को प्रभावी बनाकर ऐसी घटनाओं को रोकने का पूरा प्रयास किया जाएगा।

धान खरीद में देरी और नमी के नाम पर कटौती से किसान परेशान

करनाल। जिले की अनाज मंडियों में धान खरीद, उठान में देरी और नमी के नाम पर फसल में कटौती को लेकर किसानों की परेशानी बढ़ती जा रही है। मंगलवार को किसान नेता गुरनाम सिंह चढ़ूनी ने जुंडला अनाज मंडी पहुंचकर खरीद व्यवस्था का जायजा लिया और किसानों से बातचीत कर उनकी समस्याएं सुनीं। उन्होंने कहा कि मंडियों में फसल पहुंचने के बाद उसकी खरीद और उठान की जिम्मेदारी सरकार की है। ऐसे में किसानों को अपनी उपज बेचने के लिए अनावश्यक इंतजार नहीं करना चाहिए। चढ़ूनी ने आरोप लगाया कि मंडियों में धान का उठान धीमा है और 17 प्रतिशत नमी बताकर किसानों की फसल में कटौती की जा रही है। उन्होंने कहा कि किसान संगठनों ने मंडियों में जागरूकता संबंधी सूचना पट्ट लगाने का निर्णय लिया है, ताकि किसान नमी के नाम पर होने वाली कथित कटौती से बच सकें। जिन किसानों की फसल पहले ही कटौती के साथ खरीदी गई है, उनसे उसका लिखित ब्योरा देने को कहा गया है। संगठन ने ऐसे किसानों के पैसे वापस दिलाने के लिए प्रयास करने की बात कही।

- गुरनाम सिंह चढ़ूनी ने जुंडला अनाज मंडी का किया दौरा



जुंडला मंडी में धान खरीद और उठान की स्थिति की जानकारी लेते किसान नेता गुरनाम सिंह चढ़ूनी।

उन्होंने मिलर्स की उपलब्धता और उठान व्यवस्था पर भी सवाल उठाए।

धान का एक-एक दाना खरीदा जाएगा : डीसी

घरौंडा। अनाज मंडी में धान की खरीद को लेकर किसानों को हो रही परेशानियों के बीच मंगलवार को जिला उपायुक्त आनंद प्रकाश शर्मा घरौंडा मार्केट कमेटी कार्यालय पहुंचे। यहां उन्होंने आढ़तियों, राइस मिलरों और किसान नेताओं के साथ बंद कमरे में बैठक कर खरीद प्रक्रिया में आ रही समस्याओं पर चर्चा की। डीसी ने किसान नेताओं को आश्वासन दिया कि मंडी में किसानों के धान का एक-एक दाना खरीदा जाएगा। निर्धारित गुणवत्ता मानकों पर खरा उतरने वाले धान की खरीद सरकारी निर्धारित दरों पर की जाएगी। उन्होंने किसानों से अपील की कि वे अपनी धान की फसल को अच्छी तरह सुखाकर मंडी में लेकर आएं, ताकि नमी के कारण खरीद प्रक्रिया में परेशानी न हो। पत्रकारों से बातचीत में उपायुक्त आनंद प्रकाश शर्मा ने बताया कि नई पॉलिसी के तहत जिले में कुछ और राइस मिलरों को खरीद प्रक्रिया से जोड़ा गया है। आने वाले समय में और राइस मिलर भी उपलब्ध हो जाएंगे। इससे मंडियों में धान की खरीद व्यवस्था को सुचारू बनाने में मदद मिलेगी।

सलोनी शर्मा ने अधिकारियों को 15 दिन का समय दिया

निगम की जमीन से सभी अवैध कब्जे हटेंगे

- 82 एकड़ भूमि पट्टे पर दी, शेष 46 एकड़ की ई-नीलामी प्रक्रिया तेज करने के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ करनाल



करनाल। बैठक में अधिकारियों को निर्देश देतीं निगमायुक्त सलोनी शर्मा।

नगर निगम आयुक्त सलोनी शर्मा ने मंगलवार को भूमि एवं राजस्व शाखा के अधिकारियों के साथ बैठक कर निगम की जमीन को कब्जामुक्त कराने, संपत्तियों का डिजिटल रिकॉर्ड तैयार करने और राजस्व बढ़ाने की योजनाओं की समीक्षा की। उन्होंने स्पष्ट किया कि सरकारी भूमि से अवैध कब्जे हटाने और संपत्तियों का व्यवस्थित रिकॉर्ड तैयार करने में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कच्चे कब्जे हटाने के लिए अधिकारियों को 15 दिन का समय दिया और गांवों में जोहड़ों की जमीन को कब्जामुक्त कराने पर विशेष जोर दिया।

बैठक में संयुक्त आयुक्त दलजीत सिंह ने बताया कि नगर निगम की 82 एकड़ भूमि पट्टे पर दी जा चुकी है, जबकि 46 एकड़ भूमि अधिक दर होने के कारण पट्टे पर नहीं ली गई। इस पर निगमायुक्त ने शेष भूमि को ई-नीलामी के माध्यम से पट्टे पर देने की प्रक्रिया तेज करने और आगामी फसल की बुआई से पहले आवश्यक कार्रवाई पूरी करने के निर्देश दिए।पिंगली डेयरी परियोजना के फेज-1 में निशानदेही पूरी हो चुकी है, जबकि फेज-2 की निशानदेही अगले 15 दिनों में पूरी करने के निर्देश दिए गए।

निगमायुक्त ने डेयरी कॉम्प्लेक्स में सड़क, जलापूर्ति, बरसाती पानी की निकासी और स्ट्रीट लाइट की व्यवस्था बेहतर बनाने के निर्देश भी दिए। इसके अतिरिक्त नगर निगम क्षेत्र में चल रही अवैध पशु डेयरियों का सर्वे कराने और प्रत्येक डेयरी में पशुओं की संख्या दर्ज करने को कहा। डेयरियों को सील करने की कार्रवाई के लिए संयुक्त आयुक्त को मानक संचालन प्रक्रिया तैयार करने के निर्देश दिए गए।

न्यूज डायरी

छात्रों को निःशुल्क परिवहन सुविधा देने की तैयारी



करनाल। अतिरिक्त उपायुक्त डॉ. राहुल रईया की अध्यक्षता में मंगलवार को लघु सचिवालय के सभागार में फ्री स्टूडेंट ट्रांसपोर्ट सेफ्टी स्कीम के तहत गठित कमेटी की बैठक हुई। इसमें निजी वाहनों की दरें, सुरक्षा मानकों और योजना के संचालन पर चर्चा की गई। डॉ. राहुल रईया ने निर्देश दिए कि संयुक्त निदेशक (जेडी) द्वारा निर्धारित दरों के अनुसार ही निजी वाहन लिए जाएं। सभी वाहनों में सड़क सुरक्षा नियमों का पालन अनिवार्य होगा। वाहन चालकों को नियमों और शर्तों की सूची उपलब्ध करवाने तथा शर्तें पूरी होने के बाद ही वाहनों को अनुमति देने के निर्देश दिए गए। उपमंडल अधिकारी नागरिक (एसडीएम) वाहनों की जांच भी सुनिश्चित करेंगे। जिला शिक्षा अधिकारी रोहताश वर्मा ने बताया कि करनाल के निसिंग और कुरुक्षेत्र के बाबैन खंड में पायलट परियोजना शुरू की गई है। विद्यालय से एक किलोमीटर से अधिक दूरी पर रहने वाले विद्यार्थियों को निःशुल्क परिवहन सुविधा मिलेगी। निसिंग के 43 में से 32 स्कूलों में वाहन उपलब्ध करवाए जाएंगे।

निसिंग में 23.100 ग्राम नशीली गोलियां बरामद



करनाल। पुलिस अधीक्षक करनाल करन गोयल, आईपीएस, के मार्गदर्शन में एंटी नारकोटिक्स सेल ने निसिंग थाना क्षेत्र से मोहम्मद अक्षय पुत्र बलवान को गिरफ्तार किया है। आरोपी बाल्मीकि मंदिर के नजदीक, गुलरपुर रोड, निसिंग का निवासी है। एंटी नारकोटिक्स सेल प्रभारी उप निरीक्षक राजन के नेतृत्व में गश्त के दौरान पुलिस ने आरोपी को काबू किया। तलाशी में उसके कब्जे से 23.100 ग्राम बूप्रेनॉर्फिन युक्त नशीली गोलियां बरामद होने की जानकारी पुलिस ने दी है।

बच्चों को साइबर सुरक्षा की जानकारी दी



करनाल। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव एवं मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी मीनाक्षी यादव ने बताया कि लोगों को निःशुल्क कानूनी सहायता, राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण की योजनाओं और सरकारी योजनाओं के प्रति जागरूक किया जा रहा है। इसी कड़ी में कैथल पोल के नजदीक झुग्गी-झोपड़ी क्षेत्र में बच्चों के लिए शिविर लगाया गया। यहां अध्यापक जय करण शास्त्री और उम्मीद पाठशाला के अध्यापक निःशुल्क शिक्षा देते हैं। अधिवक्ता सचिन कुमार ने बच्चों को बालिकाओं की सुरक्षा, महिला एवं बाल अधिकारों और मुफ्त कानूनी सहायता की जानकारी दी। रामनगर थाना प्रभारी दीपचंद ने पुलिस की भूमिका, अपराधों से बचाव, साइबर सुरक्षा और ऑनलाइन खेलों के खतरों के बारे में बताया। बच्चों को लेखन सामग्री भी वितरित की गई। इसके अलावा मोबाइल वैन से राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कैमला और पीएम श्री वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बड़सत में शिविर लगाए गए। पैनल अधिवक्ता संगीता रानी और पैरा विधिक स्वयंसेवक शिखा ने विद्यार्थियों तथा स्टाफ को कानूनी सेवाओं और सरकारी योजनाओं की जानकारी दी।

कोडिंग गतिविधि में 42 विद्यार्थियों ने लिया भाग



करनाल। पंडित चिरंजी लाल राजकीय महाविद्यालय के कंप्यूटर विज्ञान विभाग ने विद्यार्थियों की प्रोग्रामिंग और समस्या समाधान क्षमता बढ़ाने के लिए कोडिंग एवं डिबगिंग गतिविधि आयोजित की। इसमें 42 विद्यार्थियों ने भाग लेकर सी, सी-प्लस-प्लस, पाइथन और जावास्क्रिप्ट भाषाओं में अपनी दक्षता दिखाई। महाविद्यालय के कार्यवाहक प्रधानाचार्य डॉ. अनिल गर्ग के मार्गदर्शन और विभागाध्यक्ष डॉ. रितु जगलान के नेतृत्व में आयोजित गतिविधि की प्रभारी डॉ. नितिका अरोरा रहीं। परिणाम में बीसीए पांचवें सेमेस्टर के आयुष कुमार ने प्रथम और नवीन वर्मा ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। बीसीए तीसरे सेमेस्टर के राजित ने तृतीय स्थान हासिल किया।

भाषा, सत्ता और औपनिवेशिक साहित्य पर व्याख्यान



करनाल। कुमारी विद्यावती आनंद डीएवी महिला महाविद्यालय के अंग्रेजी विभाग ने भाषा और सत्ता के संबंध पर व्याख्यान आयोजित किया। मुख्य वक्ता पार्थ पब्लिक स्कूल, घरौंडा की शैक्षणिक सलाहकार वंदना राणा का प्राचार्या मीनू शर्मा और विभागाध्यक्ष डॉ. सुगीत भंडारी ने पौधा भेंट कर स्वागत किया। व्याख्यान का विषय 'भाषा शक्ति के हथियार के रूप में : साम्राज्य का जवाब' रहा। वंदना राणा ने छात्राओं को उत्तर-औपनिवेशिक विचारधारा, इसके विभिन्न पहलुओं और 'द एम्पायर राइट्स बैक' पुस्तक के छह अध्यायों की जानकारी दी। उन्होंने भाषा की रणनीतियों, एब्रोगेशन और एप्रोप्रिएशन जैसी अवधारणाओं को भी समझाया। छात्राओं ने चर्चा में उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम में डॉ. तनु, डॉ. अंजू नरवाल, डॉ. दीप्ति शर्मा, निताशा, डॉ. ईशा, डॉ. शिवांगी, डॉ. नीलम और निशा का योगदान रहा।

पेंशन वित्त विधेयक वापस लेने की उठाई मांग



करनाल। रिटायर्ड कर्मचारी संघ की खंड इंद्री इकाई की बैठक पंचायत घर मटक माजरी में हुई। अध्यक्षता खंड प्रधान डॉ. बलवान सिंह ने की और संचालन खंड सचिव राजेंद्र कुमार ने किया। बैठक में डॉ. रणदीप श्योराण, ओम प्रकाश सिंहमार, सुरेंद्र रावत, महेंद्र मान, मनोहर लाल, जिला प्रधान बलराज सिंह, गुरदयाल सिंह और विजय पाल कांबोज पहुंचे। धर्मराज कांबोज ने जिला प्रधान बलराज सिंह और उनकी टीम को सम्मानित किया। डॉ. रणदीप श्योराण और सुरेंद्र सिंह ने वेतन आयोग तथा 12 सूत्री मांगों पर चर्चा की। बलराज सिंह, मनोहर लाल और महेंद्र मान ने बताया कि मांगों को लेकर 12 दिसंबर 2026 को दिल्ली में बड़ी रैली होगी। उन्होंने पेंशन वित्त विधेयक वापस लेने की मांग उठाई। ओम प्रकाश, गुरदयाल सिंह और विजय पाल ने कम्यूटेशन, वेतन वृद्धि और वित्त विधेयक पर विचार रखे। पृथ्वीराज, धर्मराज, ओम प्रकाश वर्मा, जिया लाल और रवि दत्त ने संगठन के कार्यों की जानकारी दी। डॉ. बलवान सिंह, महावीर सिंह और गुरबाज सिंह ने सदस्यता बढ़ाने, साथियों के सुख-दुख में शामिल होने और लंबित मामलों को लिखित रूप में रखने पर जोर दिया। बैठक में राममूर्ति, रघबीर सिंह, गुरजीत सिंह, फूलसिंह, हरी सिंह, ओम पाल, कुशराम, माम चन्द, जगन्नाथ, रूलिया राम, अमर सिंह, रविदत्त, राजपाल, बलजीत, बलवंत, शेर सिंह, धर्म सिंह, दया राम, नरेंद्र, रघबीर, रमेश कुमार, मेहर सिंह और सतीश मौजूद रहे।

निया राणा ने पांच विकेट लेकर बनाई हैट्रिक



करनाल। स्टार स्पोर्ट्स क्लब नेवल के मैदान में आयोजित स्टार प्रीमियर क्रिकेट लीग अंडर-14 में सात टीमों ने भाग लिया। फाइनल में एनएस क्रिकेट अकादमी, खालसा कॉलेज ने क्रिकेट अकादमी ऑफ नरवाल को हराकर खिताब जीता। पहले बल्लेबाजी करते हुए एनएस क्रिकेट अकादमी ने 25 ओवर में 125 रन बनाए। अहम ने 36 और कीर्त शर्मा ने नाबाद 33 रन बनाए। नरवाल अकादमी के समीर शिरा ने दो विकेट लिए। नरवाल की टीम 97 रन पर सिमट गई। एनएस क्रिकेट अकादमी के कप्तान निया राणा ने पांच विकेट लिए और लगातार तीन बल्लेबाजों को आउट कर हैट्रिक बनाई। उन्हें फाइनल का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया। मीत मिह्रा सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज, ग्रविश कांबोज सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज और कीर्त शर्मा प्रतियोगिता के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी बने। विजेता टीम को ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया।

एक करोड़ रुपये से पक्की होगी गांव की फिरनी

नीलोखेड़ी। विधानसभा क्षेत्र के गांव सौंकड़ा में विकास कार्यों को नई गति देते हुए विधायक भगवानदास कबीरपंथी ने एक करोड़ रुपये की विकास परियोजना की सौगात दी है। इस राशि से गांव की सिख चौपाल से राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय तक की फिरनी को पक्का किया जाएगा। इस मार्ग के निर्माण से विद्यार्थियों, किसानों और ग्रामीणों को आवागमन में सुविधा मिलेगी। साथ ही गांव के आधारभूत ढांचे को भी मजबूती मिलेगी।गांव सौंकड़ा पहुंचने पर ग्राम पंचायत की ओर से सरपंच प्रतिनिधि भूपेंद्र सिंह लाड्डी के नेतृत्व में ग्रामीणों ने विधायक भगवानदास कबीरपंथी का फूल-मालाओं से भव्य स्वागत किया। ग्रामीणों ने गांव के विकास के लिए एक करोड़ की राशि स्वीकृत करवाने पर मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी और विधायक का आभार जताया।

खबर संक्षेप

खतरनाक मोड़ पर ब्रेकर बनाया

पानीपत। पानीपत नगर निगम व पीडब्ल्यूडी बीएंडआर ने दिल्ली पेरलल नहर की पटरी पर बने बाईपास देशवाल चौक, वार्ड-19 की गली नंबर-13 के खतरनाक मोड़ पर ब्रेकर बनवा दिया। स्मरणीय है कि यहां ब्लाइंड स्पॉट की समस्या है वाहनों की तेज गति के कारण आए दिन हादसे हो रहे थे। यहां वाहनों की रफ्तार नियंत्रित करने के लिए ब्रेकर बनाने के साथ रिफ्लेक्टर भी लगाए जाएंगे। सड़क सुरक्षा समिति के पदाधिकारी संदीप जिंदल ने इस गंभीर मुद्दे को उठाया और यह हो रहे हादसों का हवाला देकर प्रशासन से यहां ब्रेकर बनवाने की अपील की।

इसराना में बिहार के प्रवासी मजदूर की मौत

पानीपत। पानीपत के गांव इसराना में एनसी कॉलेज के पास सोमवार रात अज्ञात वाहन की चपेट में आने से 55 वर्षीय मजदूर संजय मांझी मूल निवासी नवादा जिला, बिहार की मौत हो गई। संजय गत माह ही परिवार के साथ रोजगार की तलाश में इसराना गांव आया था। यहां वह एक ईंट-भट्ठे पर मजदूरी करता था। इधर, इसराना थाना पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद संजय के शव को उसके परिजनों को सौंप कर इस मामले की जांच शुरू कर दी है।

दूध से भरी क्रेट से 11 पैकेट चोरी

पानीपत। पानीपत के कृष्णपुरा क्षेत्र में सदानंद स्कूल के पास मंगलवार के तड़के दुकान के बाहर दूध से भरी क्रेट से चार किशोर 11 पैकेट दूध चोरी कर ले गए। पूरी घटना दुकान के बाहर लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। सदानंद चौक मार्केट एसोसिएशन के उपप्रधान सुरेंद्र नैन ननें बताया कि दुकानदार मोहित ने जब फुटेज देखी, तो चारों किशोरों की पहचान हो गई। हालांकि, जरूरतमंद परिवारों से संबंध होने के कारण दुकानदार ने उनके खिलाफ पुलिस में शिकायत देने के बजाय मोहित ने बच्चों को माफ कर दिया।

'सीता स्वयंवर' और 'धनुष यज्ञ' प्रसंग का हुआ मंचन

पानीपत। श्री सनातन धर्म रामलीला सभा, मॉडल टाउन के तत्वावधान में आयोजित वार्षिक रामलीला महोत्सव में 'सीता स्वयंवर' और 'धनुष यज्ञ' प्रसंग का मंचन हुआ। वहीं, सभा के प्रधान तरुण गांधी ने जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि सीता स्वयंवर का प्रसंग हमें सिखाता है कि अहंकार कितना भी बड़ा हो, उसका अंत निश्चित है; विजय सदैव विनम्रता, भक्ति और गुरु कृपा की ही होती है।

ऑल इंडिया बॉक्सिंग में पदक जीते

पानीपत। एमएएसडी पब्लिक स्कूल में आयोजित ऑल इंडिया बॉक्सिंग ओपन नेशनल चैंपियनशिप में एलएसबीटी सीनियर सेकेंडरी स्कूल सौदापुर के बॉक्सर्स रितिका, नैना, लोकेश ने स्वर्ण, तान्या, भारती, विनय ने रजत पदक जीते। विजेताओं को स्कूल के चेयरमैन विरेंद्र सैनी, प्राचार्या डॉ.आशा सैनी, प्रिंस ने बधाई व उज्ज्वल भविष्य का आशीर्वाद दिया।

पुलिस ने बाइक चोरी में दो आरोपी पकड़े

पानीपत। थाना सेक्टर 13/17 पुलिस बाइक चोरी करने वाले दो आरोपियों को मनीष पुत्र कर्मबीर व साहिल पुत्र सतपाल निवासी गांव कैरवाली जिला करनाल को बाइक चोरी के मामलों करनाल जेल से प्रोडक्शन वारंट लेकर आई। थानेदार दीपक ने बताया कि बाइक चोरी की वारदात बारे थाना सेक्टर 13/17 में नवीन पुत्र सुनील निवासी गांव रिटोली कबुलपुर जिला रोहतक हाल महमुदपुर की शिकायत पर केस दर्ज है।

दलित युवाओं को मिलेगा ऋण

पानीपत। हरियाणा अनुसूचित जाति वित्त एवं विकास निगम के माध्यम से अनुसूचित जाति के पात्र युवाओं को स्वरोजगार स्थापित करने के लिए दो लाख रुपये तक का ऋण उपलब्ध करवाया जा रहा है। इन योजनाओं के माध्यम से युवा अपना व्यवसाय शुरू कर सकते हैं तथा अपनी आर्थिक स्थिति को मजबूत बनाकर आत्मनिर्भरता की दिशा में आगे बढ़ सकते हैं। इन योजनाओं के लिए आवेदन करने की अंतिम तिथि 31 दिसंबर निर्धारित की गई है।

गांव महराणा में हुई जिला स्तरीय योगासन चैंपियनशिप

तनाव से बचने के लिए योग करें : डॉ. अरोड़ा

एसडी कॉलेज के खिलाड़ियों ने योगासन चैंपियनशिप में पांच स्वर्ण पदक जीते

हरिभूमि न्यूज ⏭ पानीपत



पानीपत। एसडी कॉलेज के प्राचार्य डॉ. अनुपम अरोड़ा के साथ विजेता खिलाड़ी। **फोटो : हरिभूमि**

एसडी पीजी कॉलेज पानीपत की चार छात्रा खिलाड़ियों ने जिला योगासन स्पोर्टस एसोशिएशन द्वारा गांव महराणा में आयोजित जिला स्तरीय योगासन चैंपियनशिप में पांच स्वर्ण के साथ कुल सात पदक जीते है। वहीं, राष्ट्रीय खेलों में तीन बार कि स्वर्ण पदक विजेता भतेरी ने कलात्मक जोड़ी और तालबद्ध जोड़ी में स्वर्ण, कशिश ने कलात्मक जोड़ी और तालबद्ध जोड़ी में स्वर्ण, अंतराष्ट्रीय और राष्ट्रीय खेलों की पदक विजेता मुस्कान ने तालबद्ध जोड़ी में रजत और वैभव ने तालबद्ध जोड़ी में स्वर्ण एवं पारम्परिक विधा में कांस्य पदक हासिल कर एसडी कॉलेज व पानीपत जिला का प्रदेश भर में मान बढ़ाया है। वहीं, कॉलेज के प्रधान दिनेश गोयल, प्राचार्य डॉ. अनुपम ने भतेरी, कशिश मुस्कान और वैभैव के साथ-साथ डॉ. सुशीला बेनीवाल, प्रो. पूजा, प्रो. आनंद, प्रो. नीलम, कोच मोहित और ग्राउंड्समैन प्रताप सिंह के प्रयासों की भूरी-भूरी सराहना की। प्राचार्य डॉ. अनुपम अरोड़ा ने कहा कि आज की आधुनिक जीवन शैली में तनाव व अवसाद से हमें खेल व योग ही स्वस्थ और तनावमुक्त रख सकतें है। उन्होंने कहा कि कॉलेज के इतिहास में राष्ट्रीय, राज्य व जिला स्तर पर पदक लाना विलक्षण उपलब्धि है। विजेता खिलाड़ियों ने यह साबित कर दिया कि मेहनत, लगन और जूनून से ही सफलता मिलती है।

सनातन संस्कृति का प्रतीक है श्रीराम लीला

हरिभूमि न्यूज ⏭ समालखा

समालखा की काठ मंडी स्थित मंदिर में श्री आदर्श मित्र ड्रामाटिक क्लब द्वारा आयोजित रामलीला में मां अंबें की आरती के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। वहीं, रामलीला के दौरान सीता जन्म और राजा जनक के दरबार से जुड़े दृश्यों का मंचन किया गया। श्री आदर्श मित्र ड्रामाटिक क्लब द्वारा आयोजित रामलीला के माध्यम से धार्मिक एवं सांस्कृतिक परंपराओं को आगे बढ़ाने का प्रयास किया जा रहा है। रामलीला जैसे आयोजन समाज में धार्मिक आस्था, आपसी भाईचारे और भारतीय संस्कृति के प्रति सम्मान की भावना को मजबूत करते हैं। इस अवसर पर प्रदीप शर्मा, नरेश पांचाल, संजय घावरी, सीता राम आर्य, राधे श्याम जिंदल, चिनू, आदित, देव आदि उपस्थित रहे।



समालखा। श्री आदर्श मित्र ड्रामाटिक क्लब की श्रीराम लीला में मां अंबे की आरती गाते श्रद्धालु। **फोटो : हरिभूमि**

पार्षद के घर पर धरना शुरू

पानीपत। पानीपत की न्यू मुखीजा कॉलोनी में बिजली की खुली तारों को हटाकर केबल लगाने का काम शुरू नहीं होने से नाराज लोगों ने पार्षद के घर के बाहर धरना शुरू कर दिया है। इससे पहले कॉलोनीवासी बिजली निगम के एसई कार्यालय के सामने चार दिन तक टेंट लगाकर धरने पर बैठे रहे, लेकिन समस्या का समाधान नहीं हुआ। सुनवाई नहीं होने पर लोगों ने पार्षद के घर के बाहर डेरा डाल दिया। धरने पर पूर्व पार्षद बलराम मकोल भी कॉलोनीवासियों के साथ बैठे। वहीं, पार्षद प्रतिनिधि योगेश का कहना है कि वे लोगों के साथ हैं। जैसे वे चाहेंगे वैसे ही काम होगा।

मारपीट करने वाले पकड़े

पानीपत। थाना किला पुलिस ने दुर्गा कॉलोनी में घर में घुसकर मारपीट व तोड़फोड़ करने के आरोपियों शेर सिंह, अनुज, गोतम, गौरव व बंसी पुत्र ऋषिपाल को गिरफ्तार किया है। थानेदार किला नीरज ने बताया कि उपरोक्त मामले में थाना किला में उषा पत्नी निर्मय निवासी दुर्गा कॉलोनी की शिकायत पर केस दर्ज है।

सड़क सुरक्षा क्विज आज

पानीपत। पुलिस विभाग द्वारा यातायात नियमों एवं सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से सड़क सुरक्षा प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता के द्वितीय चरण की लिखित परीक्षा बुधवार को पानीपत जिला के सभी ब्लॉकों पानीपत, समालखा, बापौली, इसराना, मतलौडा, सनौली खुर्द में आयोजित की जाएगी। वहीं, इस परीक्षा में चार स्तरों के कुल 5,235 विद्यार्थी भाग लेंगे।

रक्तदान करें युवा वर्ग: डीसी

पानीपत। रक्तदान मानवता की सेवा का ऐसा पुनीत कार्य है। इसी महत्वपूर्ण जिम्मेदारी को निभाते हुए जिला नागरिक अस्पताल में स्थित रक्त केंद्र जरूरतमंद मरीजों को रक्त उपलब्ध करवाने में अहम भूमिका निभा रहा है। केंद्र में पूरे वर्ष 24 घंटे सेवाएं देने की व्यवस्था है। वहीं, उपायुक्त डॉ. हरीश वशिष्ठ ने कहा कि रक्तदान मानवता की सबसे बड़ी सेवा है।

अपने में व्यावहारिक कौशल विकसित करें विद्यार्थी: डॉ. गुप्ता

आर्य कॉलेज में पोस्टर मेकिंग में विद्यार्थियों ने अपनी कलात्मक सोच का प्रदर्शन किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ पानीपत



पानीपत। आर्य कॉलेज के प्राचार्य डॉ जगदीश गुप्ता के साथ विजेता विद्यार्थी।

आर्य कॉलेज के कंप्यूटर विभाग द्वारा विद्यार्थियों की रचनात्मकता, कलात्मक अभिव्यक्ति और तकनीकी कौशल को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से अंतर-महाविद्यालय पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता हुई। वहीं, आर्य कॉलेज प्राचार्य डॉ. जगदीश गुप्ता ने विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कृत करते हुए कहा कि वर्तमान समय में शिक्षा का उद्देश्य केवल किताबी ज्ञान तक सीमित रहना नहीं, बल्कि विद्यार्थियों की रचनात्मकता, नवाचार और व्यावहारिक कौशल को विकसित करना भी है। उन्होंने कहा कि पोस्टर मेकिंग केवल एक कला नहीं, बल्कि विचारों को प्रभावशाली और रचनात्मक तरीके से प्रस्तुत करने का सशक्त माध्यम है। वहीं, प्रतियोगिता में हेजल व मानवी तोमर प्रथम, ईशा व अनुराग द्वितीय, निकीता गर्ग व बंटी तृतीय रहे। जबकि सांत्वना पुरस्कार शगुन, हिना, रूपा खुशी, माधव सिंगला, पलक व नैंशी को मिला। इस अवसर पर कंप्यूटर विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. अदिति मित्तल, शिक्षक विकास काठपाल, प्रिया शर्मा, वीणू भाटिया, रूद्र प्रताप सिंह, भारती, प्रीति शर्मा, मनीषा, सुषमा आदि उपस्थित रहे।

गन्ना किसानों को मिलेगा अनुदान

पानीपत। कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के गन्ना अनुभाग की ओर से गांव नवादा आर में किसान गोष्ठी हुई। गन्ना तकनीकी परियोजना के अंतर्गत आयोजित इस गोष्ठी में किसानों को गन्ने की उन्नत खेती, फसल अवशेष प्रबंधन, कीट एवं रोग नियंत्रण तथा सरकारी अनुदान योजनाओं की विस्तार से जानकारी दी गई। वहीं, कृषि विज्ञान केंद्र, उझा के डॉ. सतपाल सिंह, गन्ना विकास अधिकारी डॉ. राजीव कुमार, कृषि निरीक्षक मुस्तकीम अहमद ने किसानों का मार्गदर्शन किया।

मंडियों में धान की आवक तेज

पानीपत। उपायुक्त डॉ. हरीश वशिष्ठ ने बताया कि जिला की मंडियों में बारह अक्टूबर तक कुल 122578 मीट्रिक टन धान की आवक हुई इसमें से 7160 मीट्रिक टन धान पीआर तथा 1509 किस्म की 115418 मीट्रिक टन धान की आवक हुई है। उन्होंने किसानों से धान को तय नियमों के अनुसार सुखा कर ही मंडी में बिक्री के लिए लाने की अपील की।

नशे की लत का दुष्प्रभाव पूरे परिवार पर पडता है: कौशिक



पानीपत। नशे के विरुद्ध जनता को जागरूक करते हुए फैला उजियारा फाउंडेशन की अध्यक्ष रंजीता कौशिक। **फोटो : हरिभूमि**

हरिभूमि न्यूज ⏭ पानीपत

केंद्र व राज्य सरकार के महत्वपूर्ण कार्यक्रम सेवा संकल्प अभियान के तहत फैला उजियारा फाउंडेशन की ओर से चलाए जा रहे नशा मुक्त भारत अभियान के तहत जय जय भारत देश अभियान को लेकर इस कड़ी में शहरी क्षेत्र में युवाओं व बुजर्गों के नशामुक्ति को लेकर जागरूकता अभियान चलाया। फाउंडेशन की चेयरपर्सन कुमारी रंजीता कौशिक ने कहा कि नशा केवल एक व्यक्ति के जीवन को ही बर्बाद नहीं करता, बल्कि इसका दुष्प्रभाव पूरे परिवार और समाज पर पड़ता है। नशे की लत व्यक्ति के स्वास्थ्य, आर्थिक स्थिति, पारिवारिक रिश्तों और सामाजिक प्रतिष्ठा को नुकसान पहुंचाती है। इसलिए नशे की रोकथाम के लिए समाज के प्रत्येक वर्ग को एकजुट होकर प्रयास करने की आवश्यकता है। इस अवसर पर सुनील सुंदर, अमित, दीपक, सुधीर, सुरेंद्र, जितेंद्र, सुनील कुमार, अभिषेक, अभिराज, सुशील, नेहाल, रामाश, रणधीर आदि उपस्थित रहे।

कांग्रेस ने सचिन को नूंह का प्रभारी बनाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ पानीपत



सचिन कुंडू।

हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने प्रदेशभर में 14 अक्तूबर से लेकर 24 अक्तूबर तक ब्लाक स्तर पर चलाए जाने वाले 'वोट बचाओ-देश बचाओ' जन आंदोलन के तहत मंगलवार को सभी जिला प्रभारियों की लिस्ट जारी की गई है। जिसमें युवा कांग्रेस के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता सचिन कुंडू को 'वोट बचाओ-देश बचाओ' जन आंदोलन के तहत नूंह जिले का प्रभारी नियुक्त किया है। कुंडू, कांग्रेस के टिकट पर पानीपत ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र से चुनाव भी लड़ चुके हैं। इधर, सचिन कुंडू ने कहा कि भाजपा सरकार हर मोर्चे पर फेल हो चुकी है। वहीं, प्रदेश में अगली सरकार कांग्रेस की बननी तय है।

छाजपुर में जनसुनवाई की

पानीपत। सेवा संकल्प अभियान के तहत गांव छाजपुर खुर्द में आयोजित सेवा सेतु शिविर में 93 लोगों ने विभिन्न विभागों से संबंधित अपनी शिकायतें दर्ज कराईं। इन शिकायतों को निराकरण के लिए संबंधी विभागों को भेज दिया गया है। इधर, उपायुक्त डॉ. हरीश वशिष्ठ ने कहा कि सेवा सेतु शिविरों के माध्यम से आमजन की समस्याओं का समाधान करना सरकार की प्राथमिकता है।

भाषण में वंदिता प्रथम रही



पानीपत। आईबी कॉलेज में दीप जला कर कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए अतिथि। **फोटो : हरिभूमि**

हरिभूमि न्यूज ⏭ पानीपत

आईबी कॉलेज में इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड (आईओसीएल) की रिफाइनरी एवं पेट्रोकेमिकल कॉम्प्लेक्स के तत्वावधान में सतर्कता जागरूकता सप्ताह के अंतर्गत भाषण प्रतियोगिता हुई। कार्यक्रम की थीम "सत्यनिष्ठा से समृद्धि" रही।

■ **सतर्कता जागरूकता सप्ताह के अंतर्गत हुई भाषण प्रतियोगिता**

कार्यक्रम का आयोजन गौतम प्रिया, मुख्य महाप्रबंधक (सतर्कता), विशाल मित्तल, उप महाप्रबंधक (सतर्कता), संजीव कुमार ठाकुर, वरिष्ठ प्रबंधक (सतर्कता) तथा विजेंद्र कुमार, प्रबंधक (मानव संसाधन) के मार्गदर्शन में किया गया। कार्यक्रम का मंच संचालन लेफ्टिनेंट डॉ. नरवीर ने किया। वहीं, प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल में शामिल डॉ. शशि प्रभा व डॉ. नीलम दहिया ने विद्यार्थियों की प्रस्तुतियों का मूल्यांकन करते हुए वंदिता को प्रथम, जैनब को द्वितीय, प्रणव को तृतीय, मनु जोशी व मदीना को सांत्वना पुरस्कार के लिए चुना गया।

पुलिस टीम ने इसराना में मेडिकल स्टोर्स की जांच की



पानीपत। के गांव इसराना में मेडकल स्टोर की जांच करते हुए पुलिस टीम।

पानीपत। पानीपत पुलिस के नशा मुक्त अभियान तहत डीएसपी प्रणय कुमार गांव इसराना में मेडिकल स्टोर्स का निरीक्षण किया। दुकानदारों, ग्राहकों व आम नागरिकों को नशा के दुष्परिणाम बारे विस्तृत जानकारी देकर जीवन में कभी भी नशा नहीं करने बारे शपथ दिलवाई गई। पुलिस टीम ने लोगों को साइबर क्राइम के विरूद्ध जागरूक किया। जनता को ट्रैफिक नियमों की जानकारी देकर यातायात नियमों की पालना करने के अपील की। पुलिस ने नागरिकों से अपील की कि वे धन के लाचल में अपने बच्चों को डोंकी द्वारा विदेश ना जाने दें। वहीं, जनता को जानकारी दी है कि जो नशे की लत का शिकार है उनका निशुल्क उपचार वाया जाएगा, इस संबंध में पुलिस से संपर्क करें। पुलिस ने जनता से अपील की कि वे मादक पदार्थ का काला धंधा करने वालों की जानकारी हेल्पलाइन नंबर 1933 पर दें।

सेवा संकल्प अभियान के तहत 100 बच्चों को बांटे स्कूल बैग और जूते

सफलता की राह है अनुशासित मेहनत

हरिभूमि न्यूज ⏭ पानीपत



पानीपत। भाजपा के युवा नेता राहुल विज, जरूरतमंद बच्चों को बैग व जूते भेंट करते हुए। **फोटो : हरिभूमि**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के राष्ट्रसेवा में 25 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में श्री राधा माधव कल्याण समिति और भाजपा तहसील मंडल की ओर से सेवा संकल्प अभियान के तहत एवन स्कूल में 17वां बैग एवं जूते वितरण समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष हरीश कटारिया ने की। मुख्य अतिथि राहुल विज और विशिष्ट अतिथि डॉ.अजय कुमार कौशल डेंटिस्ट व निगम पार्षद जयदीप अरोड़ा रहे। महंत श्रीनाथ का सानिध्य रहा। मंच संचालन समिति महामंत्री विजय छाबड़ा ने किया। मुख्य वक्ता जवाहरलाल शर्मा, ओमदत्त आर्य और पंकज खुरसीजा ने समिति के प्रयासों की सराहना की। राहुल विज ने कहा कि साधनों के अभाव में कोई बच्चा शिक्षा से वंचित नहीं रहना चाहिए। समिति ने 100 बच्चों को स्कूल बैग और जूते वितरित किए। अंत में समिति प्रधान हुक्मचंद मेहता व एवन स्कूल प्राचार्य राजेश बतरा ने अतिथियों का आभार जताया। अनुशासित मेहनत सफलता की राह है। इस अवसर पर सतीश मैहता, वीरेंद्र तनेजा, गगन खुरसीजा, विनय अरोड़ा, चिमन लाल वर्मा, केवल वर्मा, अशोक गुंबर, महक दीवान, संजय मेहता, राजेश शर्मा, रोहित शर्मा, लवली सेठी, मोहित शर्मा, बलदेव वासन और ताराचंद सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

नागरिकों से संवाद कर क्षेत्र की समस्याओं को जाना



करनाल। कर्ण ताल पार्क में वार्डवासियों के साथ चाय पर चर्चा करते मनोनीत पार्षद उत्सव प्रोचा। **फोटो : हरिभूमि**

हरिभूमि न्यूज ⏭ करनाल

नगर निगम करनाल के मनोनीत पार्षद उत्सव प्रोचा ने कर्ण ताल पार्क में वार्डवासियों के बीच पहुंचकर चाय पर चर्चा की और उनकी समस्याएं सुनीं। इस दौरान वार्ड में चल रहे विकास कार्यों के साथ प्रस्तावित योजनाओं पर भी विस्तार से विचार-विमर्श किया गया। उन्होंने नागरिकों से संवाद कर क्षेत्र की आवश्यकताओं और समस्याओं को जाना। उत्सव प्रोचा ने कहा कि वार्ड का प्रत्येक नागरिक उनके परिवार का हिस्सा है।

नागरिकों की समस्याओं को सुनना, उनके समाधान के लिए प्रयास करना और वार्ड का सर्वांगीण विकास सुनिश्चित करना उनकी प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि जनप्रतिनिधि और नागरिकों के बीच निरंतर संवाद से क्षेत्र की जरूरतों को बेहतर ढंग से समझने और विकास कार्यों को गति देने में मदद मिलती है। उन्होंने वार्डवासियों के साथ मिलकर क्षेत्र को बेहतर बनाने और जनहित के कार्यों को प्राथमिकता देने की प्रतिबद्धता जताई।

खबर संक्षेप

स्वस्थ त्वचा के लिए संतुलित आहार लें

नारायणगढ़। राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालयमें प्राचार्य रोहित कुमार की अध्यक्षता में महिला प्रकोष्ठ के द्वारा छात्राओं को सौंदर्य एवं त्वचा की देखभाल से संबंधित व्यावहारिक जानकारी प्रदान करने के उद्देश्य से 10 दिवसीय ब्यूटीशियन कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। कार्यशाला के दौरान ब्यूटीशियन विशेषज्ञ सीमा कालरा द्वारा छात्राओं को सौंदर्य प्रसाधनों की जानकारी, डी-टैन प्रक्रिया, फेशियल, स्वस्थ त्वचा के लिए संतुलित आहार, घरेलू त्वचा देखभाल तथा सीटीएम जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

छात्रों को दी बैंकिंग की जानकारी

शहजादपुर। महारानी पद्मावती राजकीय महिला महाविद्यालय में प्राचार्या डॉ. मीनाक्षी के मार्गदर्शन में वाणिज्य विभाग एवं यूथ रेड क्रॉस (वाईआरएस) के संयुक्त तत्वावधान में यूथ कनेक्टः यूथ सेविंग अकाउंट एवं बेसिक फाइनेंशियल नॉलेज शेयरिंग विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। यह कार्यशाला केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा युवाओं को बैंकिंग सेवाओं से जोडऩे तथा उनमें वित्तीय जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से शुरू किए गए यूथ-केंद्रित अभियान के अंतर्गत आयोजित की गई। कार्यशाला में संसाधन व्यक्ति राधिका कक्कड़ ने छात्राओं को बचत खाते के महत्व, बैंकिंग सेवाओं, बचत की आदत विकसित करने, धन के उचित प्रबंधन तथा वित्तीय साक्षरता के विभिन्न पहलुओं की जानकारी दी।

ठगी का प्रयास करने वाला गिरफ्तार

अंबाला। आर्थिक अपराध शाखा टीम ने सेक्टर-8 में स्थित मकान को जाली दस्तावेजों के आधार पर अपने नाम करवाने की कोशिश करने के मामले कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार किया। जांच अधिकारी ने बताया कि पीड़ति महिला ने 30 अप्रैल 2026 को शिकायत दी थी कि आरोपी राजमणि व अन्य ने जाली दस्तावेजों के आधार पर मकान अपने नाम करवाने की कोशिश की है। शिकायत के आधार पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच आर्थिक अपराध शाखा को सौंप दी थी। पुख्ता साक्ष्यों के आधार पर अब आरोपी राजमणि को गिरफ्तार किया गया है।

लड़ाई-झगड़े के मामले में आरोपी गिरफ्तार

अंबाला। थाना अंबाला छावनी पुलिस ने जनता स्वीटस के पास मारपीट कर चोट पहुंचाते हुए जान से मारने की धमकी देने के मामले में कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार किया है। जांच अधिकारी सुभाष कुमार ने बताया कि शिकायतकर्ता हर्ष ने 20 अगस्त 2026 को शिकायत दी थी कि जनता स्वीट्स के पास आरोपी जैद व अन्य लड़कों ने उससे लड़ाई-झगड़ा कर चोट पहुंचाते हुए जान से मारने की धमकी दी है। शिकायत के आधार पर पुलिस ने मामला दर्ज किया था। पुलिस ने जांच के दौरान यूपी के रहने वाले आरोपी जैद को गिरफ्तार किया है।

स्वयं सहायता समूह की दस महिलाएं ऊन से बने उत्पाद तैयार कर बेच रही खुले बाजार में

खुद के हुनर से आर्थिक संपन्नता की ओर बढ़ रहीं महिलाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारायणगढ़

हरियाणा राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत गठित स्वयं सहायता समूह ग्रामीण महिलाओं के लिए आर्थिक आत्मनिर्भरता का मजबूत जरिया बन रहे हैं। गांव भरेड़ी खुर्द का सक्षम स्वयं सहायता समूह इसका प्रेरणादायक उदाहरण है। करीब डेढ़ वर्ष पहले गठित इस समूह से जुड़ी महिलाएं अपने हुनर के माध्यम से विभिन्न प्रकार के उत्पाद तैयार कर रही हैं। उन्हें मेलों एवं अन्य आयोजनों में बिक्री के लिए ले जाकर आमदनी अर्जित कर रही हैं। सक्षम स्वयं सहायता समूह में प्रधान शोभा सहित कुल 10 महिलाएं सदस्य हैं। समूह की अन्य सदस्यों में मीनू देवी, अनीता, मनजीत कौर, दीप्ति, अमरजीत कौर, नरेंद्र कौर, ऊषा रानी, चलती देवी और सुनीता देवी शामिल हैं। समूह की अधिकांश महिलाएं शिक्षित हैं। अपने हुनर को स्वरोजगार का माध्यम बनाकर परिवार की आर्थिक स्थिति को मजबूत करने में योगदान दे रही हैं।



समूह की प्रधान सोभा ऊन से तैयार उत्पाद दिखाते हुए।

ऊन से तैयार कर रहीं आकर्षक उत्पाद

समूह की महिलाएं अपनी रुचि और हुनर के अनुसार ऊन के स्वेटर, टोपी, कान्हा जी की पोशाक, ऊन के मोबाइल कवर, की-चेन, फ्लावर तथा अन्य हस्तनिर्मित सामान तैयार करती हैं। महिलाओं द्वारा तैयार किए गए इन उत्पादों को विभिन्न मेलों एवं आयोजनों में बिक्री के लिए ले जाया जाता है। महिलाओं ने बताया कि सेवा सेतु कैंप, गीता जयंती, सरस मेले सहित अन्य आयोजनों में उन्हें अपने उत्पाद प्रदर्शित करने और बेचने का अवसर मिलता है।

बैंक से मिला डेढ़ लाख रुपये का ऋण

समूह की महिलाओं को अपने कार्य को आगे बढ़ाने के लिए बैंक की ओर से रियायती दर पर करीब डेढ़ लाख रुपये का ऋण भी उपलब्ध करवाया गया है। इस आर्थिक सहायता से समूह की महिलाएं अपने काम के लिए आवश्यक सामग्री खरीदने तथा उत्पाद तैयार करने के कार्य को आगे बढ़ा रही हैं। महिलाओं का कहना है कि पहले उनका हुनर घर तक सीमित था लेकिन स्वयं सहायता समूह से जुडने के बाद उन्हें अपने उत्पादों को बाजार तक पहुंचाने का अवसर मिला। इससे न केवल उनकी आमदनी बढ़ी है बल्कि उनमें आत्मविश्वास भी आया है।

महिलाओं में बढ़ा आत्मविश्वास

समूह की प्रधान शोभा ने बताया कि स्वयं सहायता समूह बनने से महिलाओं को एक-दूसरे के साथ मिलकर काम करने का अवसर मिला है। समूह की महिलाएं मिलकर उत्पाद तैयार करती हैं तथा मेलों और अन्य आयोजनों में उन्हें बिक्री के लिए ले जाती हैं। उन्होंने कहा कि भविष्य में समूह की ओर से और अधिक उत्पाद तैयार कर उन्हें बड़े बाजार तक पहुंचाने का प्रयास किया जाएगा। समूह की सदस्य मीनू देवी, अनीता, मनजीत कौर और अन्य महिलाओं ने बताया कि स्वयं सहायता समूह से जुडने के बाद उन्हें अपने हुनर को पहचान मिली है। घर के कामकाज के साथ-साथ वे अपने समय का सदुपयोग कर हस्तनिर्मित सामान तैयार करती हैं। इससे उन्हें आर्थिक लाभ के साथ-साथ आत्मविश्वास और पहचान भी मिली है। बीपीएम गुलशन कुमार ने बताया कि हरियाणा राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के माध्यम से ग्रामीण महिलाओं को स्वयं सहायता समूहों से जोडकर उन्हें स्वरोजगार एवं आत्मनिर्भरता की दिशा में आगे बढ़ाया जा रहा है। समूहों को प्रशिक्षण, बैंक लिंकेज और बाजार उपलब्ध करवाने के प्रयास किए जा रहे हैं, ताकि महिलाएं अपने हुनर को व्यवसाय का रूप दे सकें। उन्होंने कहा कि सक्षम स्वयं सहायता समूह की महिलाएं जिस तरह हस्तनिर्मित उत्पाद तैयार कर उन्हें मेलों में बिक्री के लिए ले जा रही हैं, वह अन्य ग्रामीण महिलाओं के लिए भी प्रेरणादायक है। उन्होंने कहा कि स्वयं सहायता समूहों का उद्देश्य महिलाओं को केवल आर्थिक सहायता देना ही नहीं, बल्कि उन्हें अपने पैरों पर खड़ा करना, निर्णय लेने में सक्षम बनाना और परिवार की आय बढ़ाने में भागीदार बनाना भी है।

स्वरोजगार के नए अवसर तलाशें

समूह की प्रधान शोभा ने महिलाओं से अपील की कि वे अपने पारंपरिक हुनर और स्थानीय संसाधनों का उपयोग करते हुए स्वरोजगार के नए अवसर तलाशें। मिशन के माध्यम से उन्हें उपलब्ध सुविधाओं एवं योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए विभाग की ओर से आवश्यक सहयोग प्रदान किया जा रहा है। समूह की महिलाओं की सफलता यह दर्शाती है कि यदि ग्रामीण महिलाओं को हुनर, प्रशिक्षण, वित्तीय सहायता और बाजार से जोड़ा जाए तो वे न केवल स्वयं आत्मनिर्भर बन सकती हैं, बल्कि अपने परिवार और गांव की आर्थिक प्रगति में भी महत्वपूर्ण योगदान दे सकती हैं।

जेई को घेरा, शिकायत के बावजूद कार्रवाई न करने का आरोप

गीता नगर में पानी का संकट सड़क पर उतर किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबाला

अंबाला शहर की गीता नगरी क्षेत्र में पानी की गंभीर किल्लत से परेशान लोगों का सब्र जवाब दे गया। पिछले करीब एक महीने से घरों में पर्याप्त पानी न आने से गुस्साए स्थानीय निवासी और महिलाएं सड़कों पर उतर आए। प्रदर्शनकारियों ने मौके पर पहुंचे जनस्वास्थ्य विभाग के जूनियर इंजीनियर को घेर लिया। प्रशासन से इस समस्या के स्थायी समाधान की पुरजोर मांग की। महिलाओं का कहना है कि उन्हें पीने और रोजमर्रा के इस्तेमाल के लिए भी पानी नसीब नहीं हो रहा है। टैंकरों से पानी मंगवाना उनकी मजबूरी बन गया है, लेकिन इससे जरूरत पूरी नहीं हो रही। महिलाओं को दूर-दूर से पानी भरकर लाना पड़ रहा है। पानी ढोते समय एक महिला के घुटनों में चोट लगने की बात भी सामने आई है। लोगों का आरोप है कि वे कई बार एक्सईएन और एसडीओ को लिखित शिकायत दे चुके हैं लेकिन हर बार सिर्फ आश्वासन ही मिला। करीब एक साल पहले नया ट्यूबवेल लगाने के लिए आवेदन भी दिया गया था पर कोई ठोस राहत नहीं मिली। प्रदर्शनकारियों ने आरोप लगाया कि विभाग के कर्मचारियों के पास पाइपलाइन का सही नक्शा न होने के कारण जगह-जगह जेसीबी से सड़कें खोदी जा रही हैं। इससे सड़कें क्षतिग्रस्त हो रही हैं और लोगों की मुश्किलें कम होने के बजाय और बढ़ रही हैं। मौके पर पहुंचे जेई ने बताया कि गीता नगरी का ट्यूबवेल रेत आने की वजह से फेल हो गया था, जबकि एसडीओ ने स्पष्ट किया कि यह क्षेत्र पहले नहरी पानी की सप्लाई से नहीं जुड़ा था। एसडीओ ने भरोसा दिलाया कि गीता नगरी की गलियों को नहरी पानी की सप्लाई से जोड़ा जा रहा है। दो-तीन गलियों में काम पूरा होते ही सोमवार रात तक जलापूर्ति बहाल कर दी जाएगी। इसके अलावा, नया ट्यूबवेल लगाने का टेंडर हो चुका है।



अंबाला। पानी की लाइन ठीक करने के लिए जेसीबी सड़क की खुदाई करते हुए। *फोटो : हरिभूमि*

दैनिक कार्य प्रभावित

अंबाला। गीता नगरी में पिछले एक महीने से पानी की किल्लत से सबसे ज्यादा महिलाएं व बच्चे परेशान हैं। महिलाओं को रसोई के साथ कपड़े धोने के लिए पानी की बेहद जरुरत होती है। मगर पानी की सप्लाई न होने से महिलाएं न तो ठीक ढंग से रसोई का काम कर पा रही हैं न ही कपड़ों की नियमित धुलाई हो रही है। महिलाओं ने बताया कि उन्हें पानी की इधर उधर से जरुरत पूरी करनी पड़ रही है जबकि पीने का पानी उन्हें खरीदना पड़ रहा है। बच्चों को भी पर्याप्त पानी न होने से बेहद दिक्कतें झेलनी पड़ रही है। ज्यादातर बच्चों का कहना है कि स्कूल में जाते समय उन्हें बिना नहाए ही जाना पड़ रहा है। महिलाओं ने बताया कि घरों में पीने और रोजमर्रा के इस्तेमाल के लिए पानी तक नहीं मिल रहा। उन्हें बाहर से पानी भरकर लाना पड़ता है।

डॉ.नीरू मित्तल 'नीर' को मिला लघु-कविता रत्न सम्मान 2026

- वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. नीरू की पुस्तकों का विमोचन और सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पंचकूला

अखिल भारतीय प्रेरणा साहित्य एवं शोध संस्थान, कुरुक्षेत्र एवं हरियाणा प्रादेशिक लघुकविता मंच, सिरसा के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित लघुकविता कुंभ के शुभ अवसर पर डॉ. नीरू मित्तल 'नीर' की दो आलोचनात्मक पुस्तकों- 'डॉ. मधुकांत का काव्य साहित्य-समीक्षा सन्दर्भ' और 'समकालीन साहित्य आलोचना- एक दृष्टि' का विमोचन डॉ. मधुकांत अध्यक्ष, प्रज्ञा साहित्यिक मंच रोहतक, प्रोफेसर बाबूराम, हिंदी विभागाध्यक्ष, बाबा मस्तनाथ विश्वविद्यालय, डॉ. अंजना गर्ग, पूर्व अध्यक्ष, लोक प्रशासन विभाग, एम डी यूनिवर्सिटी रोहतक, प्रो. रूप देवगुण, डॉ. जय भगवान सिंगला और प्रेम विज आदि महान साहित्यकारों की उपस्थिति में भव्य तरीके से किया गया। अवसर पर हरियाणा प्रादेशिक लघुकविता मंच, सिरसा की तरफ से डॉ. नीर को लघुकविता के विकास, संवर्द्धन एवं सृजन में महत्वपूर्ण योगदान देने हेतु लघुकविता रत्न सम्मान - 2026 और हरियाणा प्रादेशिक लघुकविता मंच, फरीदाबाद (हरियाणा) की ओर से 'जज़्बातों की मोमबत्तियाँ' लघुकविता संकलन के भव्य लोकार्पण पर लघुकविता श्रीमणि सम्मान - 2026 से सम्मानित किया गया। ज्ञातव्य है कि डॉ. नीरू मित्तल नीर की बीस किताबें प्रकाशित हो चुकी हैं तथा उनकी पुस्तकों का मराठी, पंजाबी और इंग्लिश में अनुवाद भी हुआ है। बाबा मस्तनाथ यूनिवर्सिटी में उनके साहित्य पर पीएचडी के लिए शोध कार्य जारी है।



धोखाधड़ी के मामले में आरोपी गिरफ्तार

अंबाला। थाना नग्गल पुलिस ने गांव बकनौर में विदेश भेजने के नाम पर 70 लाख की धोखाधड़ी करने के मामले में आरोपी को गिरफ्तार किया है। जांच अधिकारी जनकराज ने बताया कि पीड़ति महिला ने 28 अगस्त 2026 को शिकायत दी थी कि 1 जून 2024 से 3 मार्च 2025 के बीच आरोपी जगीर सिंह व अन्य ने उसके भतीजे को विदेश भेजने का झांसा देकर उससे 70 लाख रुपये हड़प लिए।

सब्जी खरीदकर घर लौट रही बुजुर्ग महिला के कानों से बालियां छीनकर बाइक सवार फरार

अंबाला। अंबाला शहर में शाम मानव चौक सब्जी मंडी से सब्जी खरीदकर घर लौट रही 75 साल की बुजुर्ग महिला के कानों से बालियां झपटकर बाइक सवार फरार हो गए। महिला का आरोप है कि नरूला डेयरी के पास गली में पीछे से आए युवक ने उसके दोनों कानों से सोने की बालियां झपट लीं। महिला के मुताबिक, बालियां करीब 10 ग्राम की थीं। झपटी गई सोने की बालियों की कीमत 62 हजार रुपए बताई गई है। पीड़ित महिला गुरमीत कौर मिलाप नगर की रहने वाली है। उन्होंने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि शाम करीब 6 बजे वह मानव चौक की सब्जी मंडी से सब्जी खरीदकर पैदल घर लौट रही थीं। जब वह नरूला डेयरी के पास पहुंचीं तो पीछे से एक युवक आया। वह उनके कानों से बालियां खींचकर भाग गया। महिला ने शोर मचाया तो आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और पुलिस को सूचना दी। वारदात के समय मौके पर मौजूद महिला नीत कौर ने बताया कि उन्होंने युवक को वहां से गुजरते हुए देखा था। बालियां झपटने के बाद पीड़ित महिला ने शोर मचाया और लोगों से मदद मांगी। महिला के मुताबिक, बुजुर्ग ने बताया कि कोई उनकी बालियां छीनकर ले गया है।

महिलाओं की सुरक्षा और सम्मान सुनिश्चित करना प्राथमिकताः डीसी

- लैंगिक उत्पीड़न की रोकथाम, प्रतिषेध एवं निवारण अधिनियम के अंतर्गत गठित स्थानीय समिति की बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पंचकूला

उपायुक्त सतपाल शर्मा की अध्यक्षता में महिलाओं के कार्यस्थल पर लैंगिक उत्पीड़न की रोकथाम, प्रतिषेध एवं निवारण अधिनियम के अंतर्गत गठित स्थानीय समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में समिति के कार्यों की समीक्षा भी की गई । बैठक के दौरान उपायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि स्थानीय समिति के समक्ष प्राप्त शिकायतों का निपटारा अधिनियम के प्रावधानों एवं निर्धारित नियमों के अनुसार समयबद्ध तरीके से सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि शिकायतों के निवारण की प्रक्रिया में पारदर्शिता, निष्पक्षता और गोपनीयता का विशेष ध्यान रखा जाए, ताकि शिकायतकर्ताओं को न्यायसंगत समाधान मिल सके। उन्होंने स्थानीय समिति को निर्देश दिए कि वह अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी गंभीरता एवं प्रभावी ढंग से करे तथा प्रत्येक शिकायत पर नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करे। बैठक में महिलाओं को सुरक्षित और सम्मानजनक कार्य वातावरण उपलब्ध करवाने की आवश्यकता पर विशेष बल दिया । डीसी ने कहा कि कार्यस्थल पर महिलाओं के अधिकारों की रक्षा करना और उनकी शिकायतों का उचित निवारण सुनिश्चित करना अत्यंत महत्वपूर्ण है। संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि शिकायतों के समाधान की प्रक्रिया निर्धारित नियमों एवं दिशा-निर्देशों के अनुरूप सुचारू रूप से संचालित की जाए।

भाजपा ने राहुल गांधी का फूंका पुतला 'कांग्रेस पार्टी शर्म करो' के लगाए नारे

- भाजपा नेत्रियों ने कांग्रेस सांसद के इस्तीफे और पार्टी से निष्कासन की मांग उठाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पंचकूला

पंचकूला जिला संगठन की सैकड़ो महिला मोर्चा नेत्रियों, पार्टी पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओ और आम नागरिको ने जेएनयू की 11 छात्राओं से जुड़े कथित यौन उत्पीड़न मामले में कांग्रेस सांसद प्रो. अंगोमचा बिमोल अकोइजाम के खिलाफ जोरदार रोष प्रदर्शन किया, 'कांग्रेस पार्टी शर्म करो' के नारे लगाए और राहुल गांधी का पुतला फूंका। भाजपा नेताओं ने कांग्रेस सांसद के तत्काल इस्तीफे और कांग्रेस पार्टी से निष्कासन की मांग की। इस मौके पर जिला अध्यक्ष अजय मित्तल, विधायिका शक्ति रानी शर्मा, महापौर श्याम लाल बंसल, चेयरमैन ओमप्रकाश देवीनगर, महिला मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष बबली शर्मा, पवन कुमारी, अनुराधा वर्मा, सरु डिमरी, पुष्पा सिंहरोहा, पम्मी कोहली, सुनीता नेगी, दीपा शाही, कमला श्रीवास्तव, क्षमा शर्मा, मीनाक्षी, उर्मिल, सुनीता नेगी, रीता पांडेय, वंदना जिंदल, जिला महामंत्री जय कौशिक, उपाध्यक्ष सुरेश वर्मा सहित तमाम नेता उपस्थित रहे। इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष अजय मित्तल ने महिलाओं के सम्मान, सुरक्षा एवं अधिकारों की आवाज को मजबूती से उठाने के लिए उनका मनोबल बढ़ाया। उन्होंने कहा कि भाजपा संगठन महिलाओं के सम्मान और स्वाभिमान की रक्षा के लिए सदैव प्रतिबद्ध है।

शक्ति रानी शर्मा ने बोला हमला

इस मौके पर कालका विधायिका शक्ति रानी शर्मा ने कांग्रेस पर तीखा हमला करते हुए कहा कि महिलाओं के सम्मान और अधिकारों की बात करने वाले कांग्रेस नेता राहुल गांधी, मल्लिकार्जुन खरगे और प्रियंका गांधी वाड्रा द्वारा इस मामले में अपने सांसद के खिलाफ कड़ा कदम उठाने की बजाए चुप्पी साधना बेहद शर्मनाक है। उन्होंने कहा कि महिलाओं की सुरक्षा और गरिमा से जुड़े मामलों में राजनीतिक नेतृत्व की जवाबदेही भी उतनी ही महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस नेत्री प्रियंका गांधी वाड्रा चुनावों में 'लड़की हूं, लड़ सकती हूं' का नारा लगाती हैं, लेकिन अपनी ही पार्टी के सांसद पर नारी उत्पीड़न जैसे गंभीर आरोप सामने आने पर चुप्पी साध लेती है।

बगैर मंजूर नक्शे के बन रहे भवन को निगम ने सील किया

- धूलकोट हादसे के बाद अब निगम की ओर से शुरू की गई कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबाला

धूलकोट हादसे के बाद अब नगर निगम ने अवैध निर्माणों के खिलाफ कार्रवाई शुरू कर दी है। मंगलवार को धूलकोट के वार्ड नंबर 13 में एक आवासीय/व्यवसायिक भवन को सील कर दिया गया। नगर निगम आयुक्त वीरेंद्र सिंह सहरावत की ओर से जारी सीलिंग आदेश में भवन को बिना स्वीकृत बिल्डिंग प्लान के निर्मित बताया गया है। निगम ने भवन मालिक नीलम जग्गी को सील से छेड़छाड़ नहीं करने और बिना अनुमति भवन में प्रवेश नहीं करने के निर्देश दिए हैं।नगर निगम के 13 अक्टूबर 2026 के सीलिंग आदेश के अनुसार संबंधित भवन को लेकर पहले 3 अगस्त 2026 को मेमो के माध्यम से नोटिस जारी किया गया था। नोटिस का जवाब नहीं मिलने पर निगम ने अगली कार्रवाई करते हुए भवन को सील करने का आदेश जारी किया। आदेश में हरियाणा नगर निगम अधिनियम, 1994 की धारा 263(1) का हवाला दिया गया है।निगम के आदेश में स्पष्ट किया गया है कि भवन मालिक नीलम जग्गी या उनका कोई प्रतिनिधि बिना जरूरी अनुमति के भवन में प्रवेश नहीं करेगा और न ही कार्यालय की ओर से लगाई गई सील को तोड़ेगा या उसके साथ छेड़छाड़ करेगा। आदेश का उल्लंघन करने पर नियमानुसार कार्रवाई की जा सकती है। धूलकोट में हाल ही में हुए बिल्डिंग हादसे के बाद अवैध निर्माण और भवनों की सुरक्षा को लेकर सवाल उठे हैं। ऐसे में निगम की इस कार्रवाई को अहम माना जा रहा है।

विदेश भेजने के नाम पर महिला से 20 लाख की ठगी, एजेंट के खिलाफ मामला दर्ज

अंबाला। विदेश भेजने के नाम पर एक महिला से 20 लाख रुपये ठग लिए। पुलिस ने शिकायत पर मुख्य आरोपी और उसकी माता के खिलाफ केस दर्ज किया है। पुलिस को दी गई शिकायत में रामपुर सरसेहड़ी की महिला ने बताया कि कुछ साल पहले छावनी स्थित कैंटोनमेंट बोर्ड में उनका संपर्क हर्ष निवासी पटियाला से हुआ था। हर्ष ने खुद को विदेश भेजने का काम करने वाला बताया और डिंपल को अमरीका भेजने का पूरा झांसा दिया। आरोपी के झांसे में आकर पीड़िता ने वर्ष 2025 से लेकर अब तक अलग-अलग तारीखों में आरोपी हर्ष और उसकी माता के बैंक खातों में ऑनलाइन माध्यम से और नगद राशि के रूप में कुल 20 लाख रुपये दिए। पीड़िता का आरोप है कि पैसे लेने के बाद भी आरोपियों ने न तो उसे विदेश भेजने के लिए कोई कागजात/वीज़ा दिया और न ही उसका पासपोर्ट और पैसे वापस लौटाए।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20, फोन : 8295154800, 9253681010, 9253681005

सेक्टर 9 के अग्रवाल भवन में जयंती पर कार्यक्रम

महाराजा अग्रसेन के विचार हमारे लिए मार्गदर्शक

अग्रसेन के जीवन से प्रेरणा लेकर समाजहित एवं राष्ट्रहित के लिए कार्य करने का आह्वान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबाला

युगपुरूष महाराजा अग्रसेन की जंयती के उपलक्ष्य में अग्रवाल सभा मॉडल टाउन द्वारा सेक्टर 9 के अग्रवाल भवन में समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सभा के प्रधान नरेश जिंदल एवं महासचिव धनराज अग्रवाल ने की। समारोह में पूर्व राज्य मंत्री असीम गोयल ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की।

वशिष्ठ अतिथि के रूप में अनुज अग्रवाल एवं प्रदीप सिंगला उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलित कर महाराजा अग्रसेन की आरती एवं गणेश वंदना के साथ किया गया। इसके उपंरात हरियाणा कला परिषद् के कलाकारों द्वारा एक मनमोहक नाटिका की प्रस्तुति दी गई। सतयुग दर्शन के बच्चों ने भी अपनी आकर्षक प्रस्तुति से उपस्थित जनसमूह का मन मोह लिया।



अंबाला। समारोह में मौजूद लोगों को संबोधित करते पूर्व मंत्री असीम गोयल।

ये रहे मौजूद

पूर्व राज्यमंत्री असीम गोयल ने महाराजा अग्रसेन जयंती पर सभी को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि महाराजा अग्रसेन ने सर्व समाज को एकजुट करने का कार्य किया। उनके द्वारा शुरू कि गई एक ईंट, एक रूपया की परंपरा अब भी समाजिक समरसता का संदेश देती है। उन्होंने कहा कि व्यक्ति को महाराजा अग्रसेन के जीवन से प्रेरणा लेकर समाजहित एवं राष्ट्रहित के लिए कार्य करने चाहिए। महाराजा अग्रसेन के आदर्शों पर चलते हुए अग्रवाल समाज सदैव समाज कल्याण के कार्यों में अग्रणी रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि महाराजा अग्रसेन ने मानवता, समानता व सेवा की मिसाल कायम की। इस आधुनिक युग में भी महाराजा अग्रसेन के विचार हमारे लिए मार्गदर्शक हैं। हमें उनसे प्रेरणा लेकर समाज में आपसी- भाईचारा, एक-दूसरे की मदद करने व न्याय की भावना रखनी चाहिए और समाजिक कार्यों में अपना योगदान देना चाहिए। इस मौके पर अग्रवाल समाज के पदाधिकारीगण व गणमान्य लोग मौजूद रहे।

जानलेवा हमला करने का आरोपी गिरफ्तार

अंबाला। नग्गल थाना प्रभारी सुरेश कुमार पर हमला करने के मामले में सीआईए वन की टीम ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान छज्जूमाजरा के निखिल के रूप में हुई है। पुलिस ने उसे साहा के पास से पकड़ा था। वह यमुनानगर भागने की फिराक में था। आरोपी को कोर्ट में पेश कर 5 दिन के रिमांड पर लिया गया है। पुलिस अब आरोपी से वारदात में इस्तेमाल हथियार बरामद करने और उसके अन्य साथियों के बारे में जानकारी जुटाने में लगी है। सीआईए-1 प्रभारी परमिंदर सिंह के अनुसार आरोपी को पकड़ने के लिए पुलिस की टीमें मुखबिरों से मिली सूचना के आधार पर लगातार दबिश दे रही थीं। इसी दौरान सूचना मिली कि आरोपी साहा की तरफ से जाने वाला है। टीम ने कार्रवाई करते हुए उसे दिन में ही पकड़ लिया।